


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 267

ग्वालियर, गुरुवार 16 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संघ तथा भाजपा के अग्रिम संगठन के तौर पर व्यवहार कर रही हैं केंद्रीय जांच एजेंसियां : गहलोत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेताओं ने नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन मामले में राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ को लेकर बुधवार को सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि जनता के हक की लड़ाई नरेंद्र मोदी सरकार को रास नहीं आ रही है। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि इसी लिए जांच एजेंसियां, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भाजपा के अग्रिम संगठन के तौर पर व्यवहार कर रही हैं। मुख्य विपक्षी दल ने दावा किया कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने से रोका जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कांग्रेस और राहुल गांधी झुकने वाले नहीं हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा यंग इंडियन एक गैरलाभकारी कंपनी है, जिसमें कोई एक रुपये नहीं ले सकता। फिर धनशोधन कैसे हो सकता है? उन्होंने सवाल किया क्या कभी ऐसा हुआ कि किसी दल के नेताओं को उनके मुख्यालय जाने से रोका गया? हमें सोचना पड़ेगा कि देश किस दिशा में जा रहा है? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने कहा ईडी की ओर से नोटिस कांग्रेस के नेताओं को निशाना बनाकर दिए गए ये हरकत इन पर भारी पड़ेगी। जनता सब समझ चुकी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा भाजपा का राष्ट्रवाद आयातित



राष्ट्रवाद है। ये लोग विरोध की आवाज को दबाते हैं। इन लोगों ने राहुल गांधी जी की आवाज दबाने की कोशिश की है, यह इन्हें बहुत मंहगी पड़ेगी। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई किसी जांच एजेंसी की तरह नहीं, बल्कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के अग्रिम संगठन की तरह काम कर रही हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा मोदी सरकार ने आज देश के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, प्रजातांत्रिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और समावेशी विकास को 'संक्रमण काल के घनघोर अंधियारे' में धकेल दिया है। उन्होंने दावा किया कि इस विकट संकट में कांग्रेस का दीपक भाजपा के अंधियारे के खिलाफ उजाले की लड़ाई लड़ रहा है, दीपक का संकल्प है कि वह लड़ाई सूर्य की पहली किरण तक लड़ेगा, जब तक अंधेरे का अंत नहीं हो, वह दीपक है राहुल गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस। कांग्रेस नेता ने कहा आज हम पूरे देश की जनता से आग्रह करते हैं कि वे संघर्षशील और सत्यनिष्ठ नेता राहुल गांधी व कांग्रेस का साथ दें। जिन्होंने प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में निडरता और निर्भीकता से लोगों की लड़ाई लड़ी और सरकार को लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया। सुरजेवाला ने कहा सत्ता संभालते ही जब मोदी सरकार किसानों की ज़मीन हड़पने का अध्यादेश लेकर आई, तब सड़क से सदन तक किसानों के लिए राहुल गांधी व कांग्रेस ने लोहा लिया तथा सरकार को झुकाया।

## इजराइल में मिला शापित मकबरा, खून से लिखी है कभी न खोलने की चेतावनी

**तेल अवीव।** अपने अक्सर डरावनी फिल्मों में किसी मकबरे पर लिखी चेतावनी के बारे में देखा होगा। ऐसी ही चेतावनी अब इजरायल में पुरातत्वविदों को एक प्राचीन 'शापित' मकबरे से मिली है। इस मकबरे पर खून की तरह से लाल अक्षरों में इसे कभी नहीं खोलने की चेतावनी दी गई है। इस मकबरे को बेइत शे अरीम इलाके में स्थित एक कब्रिस्तान में पाया गया है। यूनेस्को के इस विश्व विरासत स्थल पर पिछले 65 साल में यह पहला मकबरा मिला है। जिसपर लाल अक्षरों में चेतावनी लिखी गई है। ये जगह, लगभग उतना ही भयानक है, जितना भयानक अलादीन फिल्म में गुफा को दिखाया गया है, जहां अलादीन के हाथ में जादुई चिराग आती है। इस पर लाल अक्षरों में लिखा गया है कि, इस खोलने की मूर्खता ना करें। लिहाजा इस मकबरे को शापित मकबरा कहा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस पुरातत्वस्थल पर पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से खुदाई चल रही थी और पुरातत्वविदों के लिए ये एक बहुत बड़ी खोज है।



## क्रिप्टोकरेंसी मूर्ख बनाने वाली नकली चीज : बिल गेट्स

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर और अरबपति उद्योगपति बिल गेट्स फिर क्रिप्टोकरेंसी पर बरसे हैं। बिल गेट्स ने क्रिप्टोकरेंसी को मूर्ख बनाने वाली एक बड़ी थ्यौरी पर आधारित नकली चीज करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह न लॉन्ग टर्म की और न ही शॉर्ट टर्म की संपत्ति है। रिपोर्ट के मुताबिक, बिल गेट्स ने क्रिप्?टोकरेंसी पर कटाक्ष कर कहा, जाहिर है, बंदरों के महंगे चित्रों से दुनिया में सुधार होने जा रहा है। उनका इशारा नॉन-फंगिबल टोकन्स की ओर था। गौरतलब है कि बिल गेट्स क्रिप्टोकरेंसी के कटु आलोचक हैं, वे इसलेकर टेस्ला सीईओ एलन मस्क से भी भिड़ चुके हैं। बिल गेट्स ने पिछले साल बिटकॉइन को खुदरा निवेशकों के लिए बेहद जोखिम भरा बताया था। कॉइन्स की माइनिंग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर उनकी एलन मस्क से तीखी बहस हुई थी। डिजिटल एसेट्स पर बिल गेट्स को भरोसा नहीं है। गेट्स ने कहा था कि उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी में अपना कोई पैसा नहीं लगाया है। बिल गेट्स ने कहा कि वे ऐसी चीज में पैसा लगाना पसंद करूंगा, जिसका कोई वैल्यूएबल आउटपुट हो। डिजिटल एसेट्स इसतरह के निवेश में नहीं आती हैं। नवंबर 2021 में ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 2.9 लाख करोड़ डॉलर के पीक पर था, लेकिन इस साल क्रिप्टो की मार्केट वैल्यू में भारी कमी आई है।



# मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर बिहार में बवाल, युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया

**पटना।** सेना की नई भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर बिहार में बुधवार को जमकर बवाल हुआ। इतना ही नहीं सेना के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में हो रही देरी को लेकर भी युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में अग्निपथ को मंजूरी प्रदान की गई। इस लेकर बिहार में विरोध प्रदर्शन हो रहा है।



केंद्र सरकार के ऐलान के एक दिन बाद ही प्रदर्शन शुरू हो गए। बक्सर और दानापुर में प्रदर्शनकारियों ने रैलवे ट्रैक को मुजफ्फरपुर में सड़क को जाम किया। इसके अलावा कुछ जगहों से आगजनी की भी खबरें सामने आई। जिसमें मुजफ्फरपुर का माड़ीपुर इलाका शामिल है। हालांकि पुलिस ने मामले को प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी मामले के लिए तैयार ही नहीं हैं, उन्होंने अग्निपथ भर्ती योजना को वापस लेने की मांग की। केंद्र ने तीनों सेना (सेना, नौसेना और वायुसेना) में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना बनाई है। इसके माध्यम से 4 साल के लिए तीनों सेना में युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसकी प्रक्रिया 90 दिनों के भीतर शुरू होगी। इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले जवानों का अग्निवीर कहा जाएगा। इतना ही नहीं सेना में 4 साल की अपनी सेवा देने के बाद जवानों को अलग-अलग सेवाओं में प्राथमिकता मिलेगी। जैसे मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकार ने सरकारी नौकरी में वरीयता देने की बात कही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऐलान किया कि अग्निपथ योजना के तहत 4 साल की सेवा पूरी करने वालों को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी। गृह मंत्री शाह के कार्यालय ने ट्वीट में कहा कि अग्निपथ योजना देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी का एक दूरदर्शी एवं स्वागतयोग्य कदम है।

## जम्मू-कश्मीर सुरक्षाबलों ने लिया बदला बैंक मैनेजर के हत्यारे समेत दो आतंकी ढेर



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इनका संबंध आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से बताया गया है। यह सब तब हुआ जब कांजीलुर इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और इन आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इनमें से एक वही आतंकी था जो हाल ही में कुलगाम स्थित बैंक मैनेजर की हत्या में शामिल था। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान शोपियां के जान मोहम्मद लोन के रूप में हुई है। वह हाल ही में कुलगाम जिले में दो जून को बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या में शामिल था। दूसरी की शिनाख्त की जा रही है। कश्मीर जोन पुलिस ने भी ट्वीट करके बताया कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। आगे की जानकारी जल्द दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से यह ऑपरेशन चला रहे थे। आतंकियों का संबंध आतंकी संगठन से था। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी को भी मामूली चोटें आई हैं। इस मुठभेड़ के बारे में बताते हुए कश्मीर रेंज के आईजी विजय कुमार ने जानकारी दी कि मंगलवार रात को शोपियां जिले के कांजीलुर में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके की घेराबंदी कर घर-घर तलाशी शुरू की। तलाशी अभियान के दौरान खुद को घिरा पाकर आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसका जवानों ने जवाब दिया। इससे पहले श्रीनगर के बेमिना इलाके में हुई मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर हो गए थे। उस दौरान बेमिना में सोमवार देर रात सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में पाकिस्तानी कमांडर अब्दुल्ला गोजरी और लश्कर के स्थानीय कमांडर मुसैब समेत दो आतंकियों को मार गिराया था।

## एलआईसी के शेयर में थोड़ा उछाल, एलआईसी के चैयरमैन ने कहा, लोग थोड़ा इंतजार करे




**मुंबई।** लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) के शेयरों में गिरावट का सिलसिला थम गया है. मंगलवार, को शेयर ने नया लो जरूर बनाया, लेकिन सोमवार के मुकाबले लगभग 1 फीसदी ऊपर बंद हुआ। बुधवार को शेयर गैप-अप खुला और इंट्राडे में 5 फीसदी तक तेजी दिखाई। इसी बीच एलआईसी के चेयरमैन के कहा है कि यह शेयर मिड से लॉन्ग टर्म के लिए बेहतर होकर अच्छा मुनाफा दे सकता है। एलआईसी के शेयर खुलने के बाद से लगातार गिरावट दिखा रहे हैं। शेयर में अब तक 25 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की जा चुकी है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएससी ) पर यह स्टॉक 663 रुपये का लो बना चुका है। मंगलवार को स्टॉक ने पिछले 10 दिनों से लगातार गिरावट का पैटर्न तोड़ा। अब निवेशकों को लगने लगा है कि शेयर ऊपर जा सकता है। बुधवार को एलआईसी का शेयर 681 रुपये पर खुला और इंट्राडे में 709.70 का हाई लगाया। हालांकि बाजार की अस्थिरता के चलते एलआईसी पर भी प्रेशर देखने को मिला और खबर लिखे जाने तक यह 692 रुपये के आसपास ट्रेड हो रहा था। सोमवार को इसमें काफी गिरावट आई थी। इसका कारण संभवत- एंकर निवेशकों द्वारा शेयरों की बिकवाली माना गया है, क्योंकि सोमवार को ही एंकर निवेशकों का 30 दिन का लॉक-इन-पीरियड खत्म हुआ था। पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार एलआईसी के शेयर की कीमत में आई गिरावट को लेकर चिंतित है। लोगों को बुनियादी बातों को समझने में समय लगेगा। एलआईसी प्रबंधन इन सभी पहलुओं पर गौर करेगा और शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाएगा। एलआईसी के चेयरमैन एमआर कुमार ने कहा है कि लोगों को वर्तमान स्थिति को देखते हुए घबराना नहीं चाहिए। बाजार में गिरावट के कई अन्य कारण हैं।

## आसमान में दिखा अदभुत नजारा, चांद का अनोखा दीदार

### सुपर मून दुर्लभ होते हैं, यह एक साल में तीन-चार बार ही आते हैं

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में 14 जून को आसमान में अदभुत नजारा देखने को मिला। इस दिन चांद पृथ्वी के चारों तरफ अपने ऑर्बिट में सबसे नजदीक होता है, इसलिए यह बाकी दिनों की अपेक्षा थोड़ा बड़ा दिखाई देता है। इसे स्ट्रॉबेरी सुपरमून कहते हैं। दरअसल जून के फुल मून को ही स्ट्रॉबेरी मून के नाम से जाना जाता है। भारतीय समयानुसार स्ट्रॉबेरी मून शाम 5-22 पर नजर आया। हालांकि भारत में उस समय लगभग दिन था इसलिए सूर्य की चमक की वजह से यह यहां नजर नहीं आया, लेकिन विश्व के कई देशों में यह दिखाई दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुपर मून दुर्लभ होते हैं। यह एक साल में तीन-चार बार ही आते हैं। इटली के सेकानो से टेलीस्कोप के जरिए स्ट्रॉबेरी मून का वेबकॉस्ट किया गया। इस सुपरमून को स्ट्रॉबेरी मून, रोजमून और यहां तक की हनीमून भी कहा जाता है। यह इस साल का पहला सुपरमून था। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान चांद पृथ्वी के निकटतम बिंदु पर रहता है जिसे पेरिगी के नाम से जाना जाता है। इस कारण पृथ्वी का उपग्रह सुपरमून की तरह नजर आता है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के अनुसार रविवार शाम से बुधवार सुबह तक चंद्रमा इतने ही बड़े आकार में पृथ्वी के लगभग हर हिस्से में नजर आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्ट्रॉबेरी मून, वसंत की आखिरी पूर्णिमा या गर्मियों की पहली पूर्णिमा पर होता है। यह साल का वह समय है जब उत्तरी अमेरिका में बेरी या जामुन पकते हैं, इसलिए इसका नाम स्ट्रॉबेरी मून रखा गया। नाम का मतलब यह नहीं है कि चंद्रमा लाल या स्ट्रॉबेरी जैसा नजर आने वाला है। नासा के अनुसार एक सुपरमून साल के सबसे कमजोर चंद्रमा की तुलना में 17 फीसदी बड़ा और 30 फीसदी चमकीला दिखाई देता है। फिलहाल पूरी दुनिया में 14 जून को लोग इस अनोखे और खूबसूरत पल के गवाह बने।



## हिंसा के आरोपियों के घर पर चला योगी का बुलडोजर, इमरान खान को हुआ दर्द

**इस्लामाबाद।** पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ नूपुर शर्मा के कथित विवादित टिप्पणी को लेकर देश में खूब विरोध प्रदर्शन हुआ। जुमे की नमाज के बाद यूपी के भी कई शहरों में प्रदर्शन हुआ जिसमें पथराव और आगजनी हुई। इसके बाद से योगी सरकार एक्शन में आ गई है। हिंसा के मुख्य आरोपियों के घरों पर बुलडोजर से कार्रवाई की जा रही है। भारत में बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है, तब पाकिस्तान को दर्द हो रहा है। इस कारण है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्वीट कर फिर से भारत के खिलाफ जहर उगला है। इमरान ने लिखा कि यह चौंकाने वाला है, कि भारतीय अधिकारियों ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भाजपा प्रवक्ता के ईशनिंदा बयानों का विरोध करने वाले भारतीय मुसलमानों के घरों को ही नष्ट कर दिया।



इमरान ने अपने ट्वीट में लिखा कि भारत ने अपने मुस्लिम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की बजाय उनके घरों को ही ध्वस्त कर दिया। दुनियाभर के मुसलमान बहुत आहत हुए हैं। उन्होंने कहा है कि यह अमानवीय, फासीवादी कार्रवाई पूरी तरीके से निंदनीय है। बता दें कि प्रयागराज में 10 जून को जुमे की नमाज के बाद जो हिंसा हुई थी। उसके मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद के घर को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नष्ट कर दिया। जावेद मोहम्मद की पत्नी का दावा है कि अगर उनके पति नहीं बल्कि उनके नाम पर था। इतना ही नहीं, खबर यह भी है कि योगी सरकार आगे भी कई घरों पर बुलडोजर की कार्रवाई कर सकती है। लेकिन बड़ा सवाल हैं, कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई से पाकिस्तान को दर्द क्यों हो रहा है?

## खास खबर

### ईरान में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, किसी नुकसान की सूचना नहीं

**दुबई।** ईरान के दक्षिणी किश द्वीप के पास तीन बार भूकंप के झटके महसूस हुए, जिससे दुबई और फारस की खाड़ी के अन्य क्षेत्र भी प्रभावित हुए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वे के अनुसार, 4.7 तीव्रता के दो भूकंप आए और उसके बाद 5.3 की तीव्रता से होर्मुज जलडमरूमध्य द्वीप के पास तीसरा झटका महसूस किया गया। ईरान ने भूकंप से तत्काल किसी तरह का नुकसान होने की सूचना नहीं दी है। ईरान भूकंप के लिहाज से संवदेनशील देश हैं, वहां औसतन एक दिन में एक भूकंप का अनुभव किया जाता है। ऐतिहासिक शहर बाम में 2003 में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 26 हज़ार लोग मारे गए थे। इसके अलावा 2017 में पश्चिमी ईरान में आए भूकंप से 600 से अधिक लोग मारे गए थे और नौ हज़ार से अधिक घायल हो गए थे।

### राष्ट्रपति बाइडेन के साथ आई2यू2' में हिस्सा लेंगे पीएम मोदी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, इजरायली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान अगले महीने आयोजित होने वाले ऑनलाइन शिखर सम्मेलन 'आई2यू2' में हिस्सा लेने वाले हैं। व्हाइट हाउस ने जानकारी देकर कहा कि चारों नेता शिखर सम्मेलन के दौरान खाद्य सुरक्षा संकट और सहयोग के अन्य क्षेत्रों को लेकर चर्चा करने वाले हैं। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चार देशों के इस ऑनलाइन शिखर सम्मेलन को 'आई2यू2' नाम दिया या है, जो 13 से 16 जुलाई तक बाइडन की पश्चिम एशियाई देशों की यात्रा के दौरान आयोजित होगा। बाइडन ने पुष्टि की कि वह अगले महीने सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे और उसके नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं।

### सोनू सूद की दरियादिली, थाईलैंड में फंसे शख्स के लिए टिकट भेज बुलाया भारत

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन के दौरान लोगों की मदद कर 'मसीहा' बने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने मदद का अपना कारवां जारी है। वह आज भी अपनी टीम के साथ जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने थाईलैंड में फंसे एक भारतीय को स्वदेश लौटने में मदद की। सोनू ने उस व्यक्ति को हवाई जहाज का टिकट भेजा और उसके भारत आने की व्यवस्था की। यह सब तब शुरू हुआ जब 11 जून को साहिल खान नाम के ट्विटर यूजर ने ट्वीट में सोनू सूद को टैग कर उनकी मदद मांगी। साहिल ने लिखा, मैं थाईलैंड में फंस गया हूं और यहां से निकलने का कोई विकल्प नहीं है। सोनू सर, मैं आपसे मदद करने का अनुरोध करता हूं। इस ट्वीट का जवाब सोनू सूद ने केवल एक दिन में देकर कहा कि वह उन्हें टिकट भेजने वाले हैं। सोनू ने लिखा, मैं आपको टिकट भेज रहा हूं। आपके परिवार से मिलने का समय आ गया है। साहिल ने सोनू के इसी जवाब का स्क्रीनशॉट शेयर कर अभिनेता को उनकी मदद के लिए धन्यवाद दिया। उसने लिखा, बहुत बहुत धन्यवाद सोनू सूद सर और आपकी टीम को। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सोनू ने अपना काम बहुत सक्रियता से किया।

### प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'अग्निपथ योजना को मोदी सरकार की मनमानी करार दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना में सैनिकों की भर्ती के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक नई अग्निपथ योजना'' शुरू करने को लेकर बुधवार को सरकार पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि इस संवेदनशील विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई, बस मनमानी की गई है। उन्होंने ट्वीट किया, ''भाजपा सरकार सेना भर्ती को अपनी प्रयोगशाला क्यों बना रही है? सैनिकों की लंबी नौकरी सरकार को बोझ लग रही है? युवा कह रहे हैं कि ये 4 वर्षीय नियम छलावा है। हमारे पूर्व सैनिक भी इससे असहमत हैं।'' प्रियंका ने कहा, सेना भर्ती से जुड़े संवेदनशील मसले पर न कोई चर्चा, न कोई गंभीर सोच-विचार।

## न्यूज़ ट्रैक....

### सैमसन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी : कपिल

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुरुप पदर्शन नही कर पाया है। आगामी टी20 विश्व कप को लेकर कपिल ने कहा कि अभी भारतीय टीम के पास चार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी टीम को अकेले जिताने की क्षमता वाले हैं। अब देखना यह है कि इसमें से किसे विश्व कप के लिए जगह मिली है। कपिल देव ने कहा, ' अगर मुझे इन तीनों कार्तिक, ईशान, सैमसन में से एक विकेटकीपर का चयन है हो तो मैं कहूंगा कि ये तीनों एक ही स्तर पर हैं। इनमें कोई अंतर भी नजर नहीं आता। ये तीनो ही बल्लेबाजी में एकदूसरे से बेहतर हैं। किसी खास दिन ये तीनों अकेले ही किसी टीम को जिता सकते हैं। विशेष रुप से सैमसन के प्रदर्शन से निराशा हुई है क्योंकि वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। इसके बाद भी वह एक से दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद नाकाम हो जाते हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता की वेहद कमी है। वह एक-दो मैचों में रन बनाने के बाद फिर नाकाम रहते हैं। सैमसंग ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 13 टी-20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल 174 रन बनाए हैं जिसमें एक भी अर्धशतक शामिल नहीं है।

### ऋषभ ने गेंदबाजों को सराहा

**विशाखापत्तनम** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में मिली जीत पर उत्साहित होकर कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से हमें यह सफलता मिली है। ऋषभ के अनुसार शुरुआत में लगा कि हमने बल्लेबाजी में कुछ रन कम बनाये हैं पर हमने इसपर अधिक ध्यान नहीं दिया। भारतीय टीम को इस मैच में 48 रनों से जीत मिली है और सीरीज अब 2-। पर पहुंच गयी है। साथ ही कहा कि गेंदबाजों ने अच्छे तरीके से काम किया है। बीच के ओवरों में स्पिनरों ने भी अच्छी तरह से काम किया। इस मैच में स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने तीन जबकि हर्षल पटेल ने चार विकेट लिए। वहीं अच्छी शुरूआत के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा। इसपर ऋषभ ने कहा कि अब अगले मैच से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया जाएगा। भारतीय टीम को पहले दो टी-20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। जिससे अब भी मेहमान दक्षिण अफ्रीकी टीम सीरीज में बढ़त पर है।

### हॉग ने ऑलराउंडर हार्दिक को मूल्यवान खिलाड़ी बताया

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रैड हॉग ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि भारतीय टीम की कप्तानी उन्हें मिलनी चाहिये थी। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती दो टी20 हारने के बाद कई दिग्गजों ने ऋषभ पंत की कप्तानी पर सवाल उठाये हैं। वहीं हार्दिक की कप्तानी में नई टीम गुजरात टाइटंस को आईपीएल खिलाब मिला था। आईपीएल में पंड्या ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही शानदार प्रदर्शन किया था। इसी कारण कई क्रिकेटरों ने पंड्या को कप्तानी का दावेदार माना है। हॉग ने पंड्या को वर्तमान समय का सबसे मूल्यवान टी-20 क्रिकेटर बताया है। हॉग ने कहा कि पंड्या किसी भी क्रम पर आसानी से बल्लेबाजी कर लेते हैं।

**वानिंदु हसरंगा ने लगातार 5 गेंदों पर लगाए 5 चौके और श्रीलंका के लिए 4 विकेट भी झटके**

# ऑस्ट्रेलिया ने वनडे में श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में 2 विकेट से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 300 रन का विशाल लक्ष्य रखा। बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 44 ओवर में 282 रन बनाने का लक्ष्य मिला था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 9 गेंद पहले जीतकर पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

बेशक श्रीलंका की टीम को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन स्पिनर वानिंदु हसरंगा का IPLके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी है। IPLमें RCB से खेलते हुए उन्होंने 26 विकेट लिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे मैच में लगातार 5 गेंद पर 5 चौके लगाए। उन्होंने 195 के स्ट्राइक रेट से 37 रन बनाए और पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4 विकेट लेने में भी सफल हुए हैं।



### झाय रिचर्ड्सन के एक ओवर पर जड़े लगातार 5 चौके

वानिंदु हसरंगा जब बल्लेबाजी करने के लिए उतरे, तब श्रीलंका का स्कोर 45.5 ओवर में 6 विकेट पर 258 रन था। अब केवल श्रीलंका पारी के 25 गेंद बाकी थीं। ऐसे में हसरंगा ने तेजी पारी खेलते हुए श्रीलंका का स्कोर 300 तक पहुंचाया। हसरंगा ने 49वें ओवर में झाय रिचर्ड्सन की पहली 5 गेंदों पर 5 चौके ज? और ओवर में कुल 22 रन बटोरे। आखिरी ओवर में भी उन्होंने हेजलवुड की गेंद पर एक चौका ज?ा। वे पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। उन्होंने 19 गेंद पर 37 रन बनाए, जिसमें 6 चौके शामिल थे।

### हसरंगा का करियर का बेस्ट प्रदर्शन

बारिश की वजह से ऑस्ट्रेलिया को जीतने के लिए 44 ओवर में 282 रन का लक्ष्य मिला। वानिंदु हसरंगा ने 9 ओवर में 58 रन देकर 4 विकेट लिए। यह उनका करियर का बेस्ट प्रदर्शन भी है। उन्होंने पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच को आउट किया। उन्होंने 41 गेंद पर 44 रन बनाए। फिर उन्होंने मार्कस स्टोइनिस और एलेक्स केरी का भी विकेट लिया। स्टोइनिस ने 31 गेंद पर 44 और केरी ने 22 गेंद पर 21 रन बनाए। हसरंगा ने चौथा शिकार पैट कमिंस को बनाया। कमिंस 2 गेंद पर बिना कोई रन बनाए ही पवेलियन लौट गए। इस मैच से पहले हसरंगा ने 27 वनडे में 29 विकेट लिए थे। उनका बेस्ट 15 रन देकर 3 विकेट था।

### मैक्सवेल ने बनाए नाबाद 80 रन

मैच में श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 300 रन का स्कोर खड़ा किया था। कुसल मेंडिस ने नाबाद 86 रन बनाए। इसके अलावा पथुम निसांका ने 56 और दानुष्का गुनाथिलका ने 55 रन का योगदान दिया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से एस्टर एगर और मार्नस लाबुशेन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 44 ओवर में 282 रन के मिले टारगेट को 42.3 ओवर में 8 विकेट पर हासिल कर लिया। ग्लेन मैक्सवेल 51 गेंद पर 80 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## चहल का फार्म टीम इंडिया के लिए चिंता का कारण : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और वर्तमान में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे आकाश चोपड़ा ने कहा है कि स्पिनर युजवेंद्र चहल का खराब फार्म भारतीय टीम के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। चहल को आईपीएल के 15 वें सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप मिली थी पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। शुरुआती दोनो ही मैचों में वह केवल एक विकेट ही ले पाये जबकि उन्होंने काफी अधिक रन दे दिये। उन्होंने कहा कि चहल अनुभवी खिलाड़ी हैं। जब उन्हें विश्व कप के लिए जगह नहीं मिली थी तब सभी ने उनका समर्थन किया था पर जिस प्रकार का प्रदर्शन उन्होंने इस सीरीज में वापसी पर किया है उसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। उन्होंने अब तक सीरीज में काफी रन दिये हैं। आकाश के अनुसार स्पिनर टीम की उम्मीदों पर सही साबित नहीं हुए। चहल के अलावा अक्षर पटेल भी केवल एक विकेट ही ले पाये। आकाश ने ने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम कैच छोड़ रही है। इससे जीत के अवसर हाथ से निकल जाते हैं। चोपड़ा ने श्रेयस अय्यर पर बात करते हुए कहा कि अय्यर अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे है। यह भारत के लिए एक और चिंता का कारण है।

## कार्तिक को टी20 विश्वकप में शायद ही जगह मिले : गंभीर

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को शायद ही टी20 विश्व कप में जगह मिलेगी। गंभीर के अनुसार आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण भले ही कार्तिक को भारतीय दल में जगह मिल गयी है पर उनके लिए टीम में जगह बनाना कठिन होगा। गंभीर ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। टी20 विश्व कप अभी दूर है। उनको तब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लेकिन अगर वह सिर्फ आखिरी तीन ओवरों में बल्लेबाजी करना चाहेंगे, तो चीजें काफी मुश्किल हो जाएंगी। भारत टॉप-7 में जरूर चाहेगा कि ऐसा खिलाड़ी हो, जो गेंदबाजी भी कर पाए और ऐसे में अक्षर पटेल अच्छा विकल्प बन जाते हैं। गंभीर ने आगे कहा, ऐसे मामले में मैं दिनेश कार्तिक को टीम में नहीं रखूंगा। हमारे पास ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ी हैं।

## सिंधू और प्रणीत इंडोनेशिया के पहले ही दौर में हारे



**जकार्ता** । भारत की इंडोनेशिया ओपन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खराब शुरुआत रही है। पदक की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरी भारत की पीवी सिंधू बाहर हो गयी हैं। सिंधू को यहां महिला एकल में चीन की ही बिंग जियाओ ने सीधे गेम में 14-21, 18-21 से हराया। सिंधू ने बिंग जियाओ के खिलाफ मुकाबले में धीमी शुरुआत की। बिंग ने शीघ्र ही 9-2 की बढ़त हासिल कर ली और ब्रेक तक वह 11-4 से आगे हो गयीं। सिंधू ने इसके बाद लगातार चार अंक बनाए पर बिंग जियाओ ने उन्हें वापसी का अवसर नहीं दिया। बिंग जियाओ ने दूसरे गेम में भी 5-1 की बढ़त हासिल कर सिंधू को कोई मौका नहीं दिया। इस जीत से बिंग जियाओ का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 10-8 हो गया है। वहीं भारत के ही बी साई प्रणीत भी हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। प्रणीत को पुरुष एकल में डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस के हाथों 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा है। इसी प्रकार ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी भी हार के साथ ही बाहर हो गयी है। भारतीय जोड़ी को हांगकांग की चांग टाक चिंग और एनजी विंग युंग होंग की जोड़ी ने 14-21, 11-21 से हराया।

## आईपीएल के टीवी प्रसारण अधिकार डिज्नी स्टार, डिजिटल राइट्स रिलायंस वायकॉम को मिले

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साल 23 से 27 तक के टीवी राइट्स (प्रसारण अधिकार)डिज्नी स्टार जबकि डिजिटल राइट्स रिलायंस (वायकॉम) ने खरीदे हैं। इस मामले में हालांकि अभी तक बीसीसीआई की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नई बोली के तहत आईपीएल मैचों के टीवी प्रसारण करने वाली डिज्नी स्टार हर मैच के बदले बीसीसीआई को 57.5 करोड़ रुपये देगी। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आईपीएल मैचों का स्ट्रीम करने वाली वायकॉम 18 बीसीसीआई को प्रत्येक मुकाबले के लिए 48 करोड़ रुपये देगी।. इस प्रकार से देखा जाये तो आईपीएल के एक मैच की कीमत 105.5 करोड़ हो गयी है। आईपीएल का पहला सीजन साल 2008 में हुआ था। तब यह सोनी टीवी पर प्रसारित हुआ है। सोनी ने इसके बाद साल 2017 के सत्र तक आईपीएल के मुकाबलों का प्रसारण किया। कुल 8200 करोड़ रुपये में सोनी ने यह 10 साल का करार किया था और बीसीसीआई को मीडिया आधिकारों के जरिए प्रति मैच 13.6 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं फिर साल 2017 में स्टार इंडिया ने 16,347 करोड़ रुपये में आईपीएल मीडिया अधिकार खरीदे थे। तब बोर्ड को 2018-22 सत्र के दौरान स्टार ने 55 करोड़ रुपये दिए थे जबक अब हार मैच की कीमत बढ़कर 107.5 करोड़ रुपये हो गयी है। 2023 से 2027 तक पांच सत्रों के लिए कुल 410 आईपीएल मैचों के लिए पैकेज-ए (भारतीय उपमहाद्वीप टीवी राइट्स) को 23,575 करोड़ रुपये में बेचा गया है, जो प्रति मैच 57.5 करोड़ रुपये है। वहीं, पैकेज-बी 20 500 करोड़ रुपये में बेचे गए। इस तरह कुल मिलाकर बीसीसीआई को दो पैकेजों को बेचने के बाद 44,075 करोड़ रुपये से अधिक की रकम मिलेगी।

## व्यापारन्यूज

### पाम तेल आयात घटकर 5.14 लाख टन हुआ

**नई दिल्ली** । देश का खाद्य तेल आयात इस साल मई में 33.20 प्रतिशत घटकर 5.14 लाख टन हो गया है। मई, 2021 में पाम तेल का आयात 7,69,602 टन रहा था। एसईए के अनुसार मई में देश का कुल वनस्पति तेल आयात घटकर 10,05,547 टन रह गया, जो एक साल पहले समान महीने में 12,13,142 टन था। देश के वनस्पति तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। एसईए के मुताबिक इंडोनेशिया ने 23 मई से पाम तेल के निर्यात पर रोक को कुछ शर्तों के साथ हटा दिया है। साथ ही उसने निर्यात कर में भी कमी की है। इस वजह से इंडोनेशिया से निर्यात बढ़ेगा, जिससे वैश्विक स्तर पर कीमतें प्रभावित होंगी। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात मई में घटकर 4.09 लाख टन रह गया। एक साल पहले समान महीने में यह 7.55 लाख टन था। हालांकि आरबीडी पामोलीन का आयात बड़ी बढ़ोतरी के साथ एक लाख टन पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने में 2,075 टन था। कच्चे पाम कर्नेल तेल (सीपीकेओ) का आयात 11,894 टन से घटकर 4,265 टन पर आ गया। वहीं सोयाबीन तेल का आयात बढ़कर 3.73 लाख टन पर पहुंच गया, जो मई, 2021 में 2.67 लाख टन रहा था।

### स्विच मोबिलिटी 30 करोड़ डॉलर जुटाएगी

**चेन्नई** । अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई स्विच मोबिलिटी 30 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए वित्तीय निवेशकों से चर्चा कर रही है, जिसमें से करीब 20 करोड़ डॉलर पूंजीगत खर्च के लिए होगा जबकि बाकी 10 करोड़ डॉलर स्विच की सहायक ओहम ग्लोबल मोबिलिटी के लिए है। कंपनी के एक व?रिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा ?कि हम स्विच मोबिलिटी के लिए करीब 20 करोड़ डॉलर जुटाने पर विचार कर रहे हैं, जिसका इस्तेमाल उत्पादों में सुधार और क्षमता पर किया जाएगा। ओहम मोबिलिटी में 10 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल नए कारोबार के अधिग्रहण पर किया जाएगा। ओहम मोबिलिटी ई-मोबिलिटी को एक सेवा के तौर पर सामने रखने पर विचार कर रही है और वह रखरखाव, डिपो में चार्जिंग पाइंट लगाने आदि जैसे परिचालन से जुड़े काम पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा ?कि स्विच कुल मिलाकर अगले पांच साल में करीब 20-30 करोड़ डॉलर का निवेश करने जा रही है। कंपनी कथित तौर पर स्विच डेडिकेटेड फैसिलिटी में 1,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बना रही है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली** । देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 24वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में ऊतार-चढ़ाव जारी है जिससे अभी भी यह 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपए तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.26 प्रतिशत चढ़कर 121.48 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 119.21 डॉलर प्रति बैरल पर है।

## खुले बाजार में चना का दाम एमएसपी के मुकाबले 800 रुपए नीचे

### दलहनी खेती पर भारी पड़ेगी नीतिगत खामियां

**नई दिल्ली** । दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार जहां कई तरह की सहूलियतें दे रही है वहीं उचित मूल्य दिलाने की नीतियों में खामियों से योजना को धक्का लग सकता है। खुले बाजार में प्रमुख फसल चना का दाम एमएसपी के मुकाबले 800 रुपए नीचे चल रहा है। मसूर को छोड़ बाकी दलहनी फसलों के मूल्य संतोषजनक नहीं हैं। दलहनी फसलों के कुल उत्पादन में चना की हिस्सेदारी लगभग 50 फीसद है। सरकारी एजेंसी की खरीद बिक्री नीति के चलते सिर्फ मुट्ठीभर किसानों को इसका लाभ मिल पा रहा है। दीर्घकालिक नीति के अभाव में दालों में आत्मनिर्भरता का दावा विफल हो सकता है। दरअसल, सरकारी एजेंसी नैफेड पर नौ महीने के भीतर अपना स्टॉक खाली करने का दबाव रहता है। उसे बफर स्टॉक को बेचना पड़ता है। एजेंसी रोजाना टेंडर जारी करती थी, जिसे बुधवार से सप्ताह में तीन दिन कर दिया गया है। एजेंसी की इस कार्य प्रणाली से दाल की मंडियों में कीमतें और नीचे जा रही हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक फसल वर्ष 2021-22 में कुल 139 लाख टन चना का उत्पादन हुआ है। सरकारी एजेंसी नैफेड के पास कुल 30 लाख टन का बफर स्टॉक है। इसमें सात लाख टन पुराना चना भी शामिल है। यानी केवल 17 फीसद स्टॉक की खरीद ही नैफेड ने की है और 83 फीसद चना खुले बाजार में बिका है। मध्य प्रदेश की मंडियों से जुड़े एक व्यापारी का कहना है कि खुले बाजार में नैफेड के लगातार सक्रिय रहने से कीमतें लगातार नीचे जा रही हैं। चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5230 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि खुले बाजार में चना 800 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोला जा रहा है। इसकी देखादेखी 6000 रुपए प्रति क्विंटल वाली मटर में 4000 रुपए की ?गिरावट आई है। खुले बाजार में दालों की कीमतों में गिरावट से दलहन किसानों का उत्साह घट सकता है। सरकार की मौजूदा नीति तात्कालिक है, जो दलहनी फसलों की खेती की राह का रोड़ा बन सकती है।

### केंद्र ने 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी को मंजूरी दी

**नई दिल्ली** । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5जी दूरसंचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी की मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई कि सरकार 20 साल की वैधता वाले कुल 72097.85 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की जुलाई माह के आखिर तक नीलामी करेगी। बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल ने नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए निजी उपयोग वाले नेटवर्क की स्थापना को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। सरकार ने स्पेक्ट्रम के लिए अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को समाप्त किया, सफल बोलीदाता 5जी स्पेक्ट्रम के लिए 20 ईएमआई में भुगतान कर सकते हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे चढ़ा

**मुंबई** । रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सपाट खुला और फिर पांच पैसे बढ़कर 77.99 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में गिरावट, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से रुपए की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.99 पर खुला, जो पिछले बंद भाव की तुलना में पांच पैसे की बढ़त दर्शाता है। मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर 78.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत गिरकर 105.21 पर पहुंच गया।

## अब घरेलू रसोई गैस का नया कनेक्शन लेना हुआ महंगा

### सिलेंडर के साथ दिए जाने वाले रेगुलेटर की कीमत 100 रुपए बढ़ाई

**नई दिल्ली** । अब घरेलू रसोई गैस का नया कनेक्शन लेना भी महंगा हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियां गुरुवार 16 जून से बढ़े हुए दाम लागू कर देंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर के सिक्योरिटी अमाउंट में कंपनियों ने 750 रुपए का इजाफा कर दिया है। पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर के लिए भी अब 350 रुपए ज्यादा देने होंगे। सिलेंडर के साथ दिए जाने वाले गैस रेगूलेटर की कीमत भी 100 रुपए बढ़ा दी गई है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थी भी अगर दूसरा सिलेंडर लेंगे तो उन्हें बढ़ा हुआ पैसा देना होगा। नया रसोई कनेक्शन लेने के लिए उपभोक?ता को 2,200 रुपए देने होंगे। पहले यह राशि 1450 रुपए थी। इस तरह अब 750 रुपए सिलेंडर की सिक्योरिटी के रूप में ज्यादा जमा कराने होंगे। इसके अलावा रेग्युलेटर के लिए 250, पासबुक के लिए 25 और पाइप के लिए 150 रुपए अलग से देने होंगे। इस हिसाब से पहली बार गैस सिलेंडर कनेक्शन और पहले सिलेंडर के लिए उपभोक्ता को कुल 3,690 रुपए खर्च करने होंगे। अगर कोई दो सिलेंडर लेता है तो उसे सिक्योरिटी के रूप में 4400 रुपए देने होंगे। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुताबिक पांच किलोग्राम के सिलेंडर की सिक्योरिटी के रूप में अब 800 रुपए की जगह 1150 रुपए देने होंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर लेने वाले ग्राहकों को भी झटका लगने वाला है। यदि इन ग्राहकों ने अपने कनेक्शन पर दूसरा सिलेंडर लिया तो उन्हें बढ़ी हुई सिक्योरिटी राशि देनी होगी । ग्राहकों को नए कनेक्शन में लगने वाले रेगुलेटर के लिए अब 150 रुपएकी जगह 250 रुपए देने होंगे।

## सात माह तक नहीं पड़ेगी कार को रिचार्ज करे की जरूरत



**नई दिल्ली** । बाजार में अब एक ऐसी इलेक्ट्रिक कार आ गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 7 महीने तक चलेगी। इस कार का नाम लाइटियर जीरो है, इसे यूरोप की कंपनी लाइटियर ने बनाया है। लाइटियर जीरो इलेक्ट्रिक कार ने पहले ही अपने डिजाइन और टेक्नोलॉजी से कई लोगों का ध्यान खींचा है। ऑटोमेकर का मानना है कि लाइटियर जीरो वास्तव में उन देशों में बैटरी को चार्ज किए बिना सात महीने तक चल सकती है, जहां सूरज की रोशनी तेज होती है। लाइटियर का मानना है कि यह इलेक्ट्रिक कार नीदरलैंड में दो महीने तक चल सकती है। इलेक्ट्रिक कार में लगे 54 वर्ग फुट के पेटेंट वाले डबल-कर्व्ड सोलर पैनल से कार की बैटरी को चार्ज करते हैं। इसकी बदौलत कार को चलाने के दौरान भी बैटरी चार्ज होती रहती है। ईवी निर्माता ने दावा किया है कि लाइटियर जीरो अपनी सौर ऊर्जा से 70 किमी तक चल सकती है। इसे प्रति वर्ष 11,000 किमी तक चलाया जा सकता है। सोलर चार्जिंग के अलावा यह इलेक्ट्रिक कार फुल चार्ज बैटरी पर 625 किमी तक चल सकती है। हाईवे पर 110 किमी प्रति घंटे की स्पीड से 560 किमी तक चल सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी हाईली एफिशिएंट मोटरों को एयरोडायनामिक डिज़ाइन के साथ जोड़ा गया है, जिससे ईवी को इस तरह की रेंज का वादा करने में मदद मिलती है। लाइटियर जीरो को वर्तमान में दुनिया में सबसे कुशल इलेक्ट्रिक कार के रूप में दावा किया जाता है। इस कार से रोज 35 किमी तक चलाया जा सकता है। इसके लिए कार को धूप में कार पार्क करनी होगी, जिससे ईवी में लगे सोलर पैनल से बैटरी चार्ज हो सके। कंपनी को उम्मीद है कि यह इलेक्ट्रिक कार भविष्य में इस सेगमेंट को और आगे बढ़ाएगी। लाइटियर ने घोषणा की है कि ईवी इस साल के आखिर में इस कार का प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। इसकी डिलीवरी नवंबर 2022 में शुरू होने की उम्मीद है।

## कमजोरी के साथ बाजार की शुरुआत

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रूख और विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली के चलते सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 153.25 अंक गिरकर 52,540.32 पर आ गया, जबकि निफ्टी 39.55 अंक गिरकर 15,692.55 पर था। सेंसेक्स से हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी और नेस्ले गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। वहीं, दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, एमऐंडएम, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस लाभ में कारोबार कर रहे थे। इससे पहले मंगलवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.13 अंक की गिरावट के साथ 52,693.57 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 42.30 अंक की गिरावट के साथ 15,732.10 अंक पर बंद हुआ था। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल और तोक्यो के बाजार मध्य सत्र के सौदों में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। जबकि हांगकांग और शंघाई के बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड 0.12 फीसदी बढ़कर 121.35 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,502.25 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल



जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस का अंदाज काफी प्यारा लग रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एक्टिंग करने की कोशिश। इस वीडियो में जेनेलिया का अंदाज देखने लायक है। जेनेलिया के इस वीडियो को लेकर जहां कुछ फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ यूजर उनसे दोबारा बॉलीवुड से जुड़ने की बात कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपने पति और एक्टर रितेश देशमुख के साथ कई वीडियो शेयर किये हैं। जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख का कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक्टर अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ पूल साइड खड़े होकर डांस करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म तुझे मेरी कसम से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू फिल्मों में भी खूब पहचान बनाई। बॉलीवुड में जेनेलिया डिसूजा ने जाने तू या जाने ना और मस्ती जैसी फिल्मों कई फिल्मों में नाम कमाया। बता दें ?कि जेनेलिया डिसूजा इन दिनों भले ही फिल्मों से दूर हों।

## पलक जल्द विवेक ओबेरॉय के साथ आएंगी नजर

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत पलक तिवारी



फिल्म रोजी-द सैफरन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ विवेक ओबेरॉय हैं। इस फिल्म को विशाल रंजन मिश्रा डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम की है। सच्ची घटना पर आधारित ये कहानी कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़की की है जो अचानक शहर से लापता हो जाती है। फिल्म में हॉरर के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। बता दें कि पलक आए दिन अपनी दिलकश अंदाज और नए नए पोज में फोटो खिंचवाती रहती हैं। अपनी सारी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर भी करती हैं। इनकी फोटो किसी को भी दीवाना बना सकती हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी पलक अपने ग्लैमरस लुक और मेकअप स्किल्स की वजह से काफी पसंद की जाती हैं। पलक की खासियत ये है कि मिनी ड्रेस, मिनी स्कर्ट से लेकर वन पीस ड्रेस हर तरह की ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखती हैं, लेकिन अब पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से दूरी बना ली है। पलक ने अपने सौतेले पिता अभिनव कोहली के खिलाफ डॉमेस्टिक वॉयलेंस का आरोप लगाते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जो काफी सुर्खियों में रहा। पलक तिवारी श्वेता तिवारी की पहले पति राजा चौधरी की इकलौती संतान हैं।

## अयूब खान के नम्र व्यवहार से प्रभावित हुं: करन खंडेलवाल

टीवी और फिल्मों के नए अभिनेताओं को अपने वरिष्ठ अभिनेताओं से बहुत कुछ सीखने मिलता हैं। लंबे समय से उद्योग में होने के नाते, अनुभवी अभिनेताओं के पास बहुत सारा ज्ञान और



अनुभव होता हैं जो युवा, महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को मार्गदर्शक देने में मदद कर सकता हैं। दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में लकी का किरदार निभाने वाले अभिनेता करन खंडेलवाल कहते है कि अयूब खान, दीपशिका नागपाल और रीना कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम करना शो की सबसे अच्छी बात है। अपने अनुभव के बारे में साझा करते हुए, करन कहते हैं, शो में मैं अयूब खान और दीपशिखा नागपाल के बेटे का किरदार निभा रहा हूं जो एक अमीर, बिगड़ैल लड़का है। इस किरदार को निभाना मजेदार है।

# मुझे मेरे किरदार रंजू के लिए बिहारी लहजा सीखना पड़ा:रीना कपूर



अभिनय एक ऐसा शिल्प है जिसमें दिए गए चरित्र की बारीकियां पकड़ कर उसे अच्छी तरह निभाना अनिवार्य है। एक अभिनेता अपने किरदार को सही तरह पकड़ने के लिए उसकी बोली पकड़ने कि कोशिश करता है और यहां तक कि उसका चलने का ढंग भी सीखता है। रीना कपूर, जो वर्तमान में दंगल टीवी के नए शो रंजू की बेटियां में शीर्षक भूमिका में दिखाई दे रही हैं, ने चरित्र के लिए अपने तय्यारी के तरीके साझा किए हैं। वह उल्लेख करती है कि उन्हे रंजु को वास्तव में चित्रित करने के लिए बहुत कुछ सीखना है। यह मुजफ्फरपुर, बिहार में आधारित एक कहानी है। इसलिए, मुझे उस जगह की बोली सीखनी पड़ी। वे श को स के रूप में उच्चारण करते हैं और यह कुछ ऐसा था जिस पर मुझे काम करना था। इसके अलावा, रंजू बहुत ज्यादा पढ़ी - लिखी नहीं है, इसलिए मैं उस स्वर में बात करने की कोशिश करती हूं, जहां वह 'फोन' को 'फ्होन' कहती है। इसलिए, जब भी मुझे अपने शॉट्स के बीच समय मिलता है, मैं अपनी स्क्रिप्ट पढ़ती हूं और एक सामान्य बिहारी महिला की तरह टोन को परफेक्ट करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह बहुत मुश्किल है क्योंकि यह ऐसा कॉन्सेप्ट है जो हम अपने आस-पास देखते हैं और यह मेरे लिए बहुत अलग या नया नहीं है। सौभाग्य से, मैंने इसका अनुभव नहीं किया होगा, लेकिन दुर्भाग्य से, मैंने इसे अपने आसपास देखा है। तो नहीं, चरित्र को समझना मुश्किल नहीं था। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार के लिए मुझे स्वीकार करेंगे।




## सेना में कॉन्ट्रेक्ट भर्ती

भारतीय सेनाओं में 4 साल के लिए सैनिकों की भर्ती वाली अग्निपथ स्कीम का ऐलान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की विश्व की बेहतरीन सेना बनाने के लिए रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने एक बड़ा फैसला लिया है। हम अग्निपथ स्कीम ला रहे हैं। इससे भारतीय युवाओं को अग्निवीर के तौर पर सेवा का मौका दिया जाएगा। इससे देश की सुरक्षा मजबूत होगी और युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। देश का हर युवा जीवन में सेना की भर्ती का सपना देखता है। इस अग्निपथ योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को अन्य क्षेत्रों में जाने के भी अच्छे अवसर मिलेंगे। यही नहीं सेनाओं को भी हाई स्किल रिसोर्स मिल सकेगा। अग्निवीरों के लिए एक अच्छा पे-पैकेज मिलेगा। इसके अलावा एग्जिट के वक्त अच्छी रकम दी जाएगी। इस स्कीम से सेनाओं के पास युवा शक्ति होगी। इससे फिटनेस का लेवल और बेहतर हो सकेगा। फिलहाल भारत की सेनाओं की औसत आयु 32 वर्ष है। इस स्कीम के लागू होने से यह 24 से 26 वर्ष ही रह जाएगी। यही नहीं सेनाओं को हाई स्किल रिसोर्स भी मिल सकेगा। अग्निवीरों के लिए एक अच्छा पे-पैकेज मिलेगा। इसके अलावा एग्जिट के वक्त अच्छी रकम दी जाएगी। यदि अग्निवीर सेवा के दौरान सर्वोच्च बलिदान देता है तो उसके परिवार को करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा दिव्यांग होने की स्थिति में 48 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जाएगी। अग्निपथ मॉडल के तहत सेना में रैंक से नीचे के अधिकारियों की भर्ती की जाएगी। 4 साल की सेवा में 6 महीने की ट्रेनिंग अवधि भी शामिल है। अग्निपथ के जरिए सेना का हिस्सा बने सैनिकों को प्रति माह 30 हजार से 40 हजार रुपए तक सैलरी मिलेगी। अग्निपथ योजना रक्षा बलों का खर्च और उम्र घटाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। चार साल के बाद 80 प्रतिशत सैनिकों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा और आगे रोजगार के अवसर मुहैया कराने में सेना उनकी मदद करेगी। देश की सेवा कर चुके ऐसे प्रशिक्षित और अनुशासित युवाओं के लिए नौकरियां आरक्षित करने में विभिन्न कारपोरेशंस को भी रुचि होगी। सशस्त्र बलों का शुरुआती अनुमान है कि अगर योजना के तहत अच्छी खासी संख्या में सैनिकों की भर्ती हुई तो वेतन, भत्तों और पेंशन के मद में हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। रिक्तियां होने की स्थिति में योजना के तहत भर्ती सर्वश्रेष्ठ युवाओं को सेना में बने रहने का अवसर भी मिल सकता है। सैन्य मामलों के विभाग ने योजना बनाने से पहले आठ देशों के इसी तरह के माडल का अध्ययन किया था। कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती में भारी कटौती की गई है। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, वर्तमान में सेना, वायु सेना और नौसेना में 1,25,364 पद खाली हैं। इस अभियान का मकसद सरकार की लागत को कम करने के साथ-साथ हर साल हजारों प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देना है। आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्र जो सशस्त्र बलों में उच्च प्रौद्योगिकी अभियान के विस्तार में योगदान दे सकते हैं, उन्हें एक छोटे कार्यकाल के लिए सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसके बाद वे नागरिक दुनिया में करियर बना सकते हैं। तो अब इंतजार किस बात का, अगर आप में देशभक्ति का जज्बा है, आप देश सेवा को इच्छुक हैं, और साथ ही साथ एक रोमांच और साहस भरी जिंदगी जीना चाहते हैं तो भारतीय सेना के द्वार खुलने वाले हैं। कोई भी युवा सेना के मापदंड पर खरा उतर कर भारतीय सेना का हिस्सा बन सकता है और अपना, अपने परिवार का और अपने देश का एक गौरवशाली भविष्य सुनिश्चित कर सकता है।

# भारत पुनः गुलामी की तरफ जा रहा हैं!

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

**(चिंतनीय विषय जागरूकता बावत )**

15 अगस्त 1947 को इंडिया गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ और हमें अमन चैन की सांस ली। उस समय सभी कौमों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कुछ फिरक़ापरस्तियों के कारण बंटवारा हुआ और उसके पहले से ही नफरत के बीज अंकुरित होना शुरू हो गए थे। शुरूआती दौर में जातीय हिंसा, दंगे बहुत हुए और फिर कुछ सियतदारों द्वारा अपने वोटों के कारण सरपरस्ती दी और अंकुरण के बाद नफरत की फसल बहुत फली फूली। इसका असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पड़ा। और पडोसी मुल्कों ने भी खुला नंगा नाच किया।

देश बहुत विशाल और आबादी से भरपूर होने के बाद प्रगति के सोपानों में बढ़ा। बढ़ोत्तरी हुई जो शुभ संकेत रहा। राजनैतिक दावपेंच के कारण किसी न किसी से जुड़ाव हुआ। युध्य के बाद खाद्यान्न की कमी से हरित क्रांति का प्रादुर्भाव हुआ। उसके बाद जनसँख्या वृद्धि होने से आपातकाल के दौरान परिवार नियोजन का दौर चला जो बाद में असफल घोषित किया गया उसके बाद परिवार कल्याण कार्यक्रम शुरू हुआ। जनसँख्या की बेतहाशा वृद्धि होने से सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, जातिगत तानाबाना प्रभावित हुआ.

इससे सामाजिक,जातिगत असंतुलन बढ़ा और कुछ -कुछ संविधान में संशोधन किये, उसके दूसरी ओर आबादी की बढ़ोत्तरी के कारण सीमित परिवार की परिकल्पना सामने आयी और शिक्षा का स्तर सुधरने और महंगी शिक्षा के कारण सीमित परिवार करने में उत्साह बढ़ा इसके साथ विदेश जाने की होड़ ने भी परिवार नियोजन को प्रभावित किया। इससे कुछ जातियों का अस्तित्व खतरे में पड़ने लगा और पड़ा।

इसी बीच हिन्दू, जैन , ब्राहण, क्षत्री आदि की आबादी काअनुपात घटने लगा और अन्य जातियों की संख्या बेतहाशा बढ़ी और बढ़ाई गयी। दूसरी ओर आहार /भोजन में सेंधमारी कर मांसाहार, अंडा, मछली शराब, मांस निर्यात की मुहिम चली और मांसाहार का प्रचलन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष में आक्रामक बाजारीकरण के कारण बढ़ा। जिससे शाकाहारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ने लगा।

इसके साथ दलगत राजनीती, चुनाव का स्तर घाटियां और वोटों की संख्या बढ़ाने के कारण भविष्य अंधकारमय और गर्त में जाने को तैयार हैं। क्योकि सामाजिक, धार्मिक असंतुलन और आहार पर कुठाराघात होने के कारण शाकाहारियों की संख्या कम से कमतर होगी और मांसाहारियों की संख्या बढ़ेगी। उनका प्रभुत्व बढ़ेगा, उनकी सरकार बनेगी और मांसाहारियों के कोई भी कृत्य अहिंसात्मक नहीं होते। उनमे दया, प्रेम का भाव नहीं होता। उनकी भावनाएं कट्टर होने से समाज हमेशा सशंकित होगा और जब उनकी आबादी बढ़ेगी तब अन्य लोग भयभीत होंगे।

प्रजातंत्र में संख्या बल के आधार शासन सत्ता चलती हैं। जब जिनका बाहुल्य होगा वे सत्ता के अधिकारी होंगे। हमारे हिन्दू, जैन , ब्राहण, क्षत्री आदि ने परिवार नियोजन अपना कर सीमित परिवार बनाकर अपने पैर पर कुल्हाड़ी पटकी हैं। और आगमी कुछ समय में जातिगत बाहुलयता के कारण हमारी समाज कम होकर हमेशा भयभीत रहेगी। आज हिन्दुओं, जैनो आदि के लड़के लड़कियां विदेशों में रहकर



अपने देश से सम्बन्ध कम बना रहे हैं। और वे उन्ही देशों के विकास में संलंग हैं उनसे अपेक्षा करना असंभव हैं जितना अधिक विकास होने से उतने अधिक संत्रास /कष्टों में होने के कारण अन्य नए पंथ होने से युवा वर्ग बालक-- बालिकाएं सन्यास की ओर भी बढ़ रहे हैं और उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया उसने आबादी वृद्धि के अपेक्षा रखना बेमानी हैं। दूसरा अधिक उम्र में शादी करना और उसके बाद पहले कैरियर, फिर परिवार की चिंता । लिव इन रिलेशन के कारण भी आबादी का नियंत्रण, समलैंगिकता का समर्थन के कारण नाउम्मीदी और वर्तमान में स्वयं अपने आप से शादी करना, ये भ्रांतिया मात्र हिंदी, ब्राहण, जैन क्षत्री वर्ग में हो रहा हैं और अन्य वर्ग इन कुरीतियों से अछूता हैं साथ ही इन्ही जाति में गर्भपात का आकंड़ा पुत्र प्राप्ति के लिए अधिक होता हैं।

शासन भी बहुलता के आधार पर निर्णय लेने बाध्य होती हैं और अन्य समाज में कुछ विषयों में एकता होने से वे अपने पक्ष में निर्णय करवा लेते हैं और उसका कारण वोट और सामाजिक समरसता।

इसके लिए अब आवश्यक हैं की हिन्दू जैन ब्राहण, क्षत्री आदि अपनी आबादी को बढ़ाएं और प्रत्येक परिवार सीमित परिवार न रखकर अपने परिवार में एक की अपेक्षा दो -तीन संतान करे। महगाई का कोई असर नहीं रहेगा। जब हमारी आबादी न होगी तो हम अपने आपको कैसे सुरक्षित रख सकेंगे?

विषय गंभीर हैं, तर्क अनेक हो सकते हैं पर सत्य हमेशा एक होता हैं जो कटु होता हैं। जब कोई बात साधु संत बोलते हैं, घोषणा करते हैं, चेतावनी देते हैं उसका अर्थ भविष्य अंधकारमय और घातक हैं।

सरकार को भी जो हिन्दू आदि समाज के ऊपर प्रतिबन्ध लगाए हैं जैसे नौकरी न देना अन्य सुविधाएँ न देना आदि उस पर भी विचार करना होगा।

इस लेख लिखने का आधार मुनि पुंगव श्री सुधा सागर महाराज द्वारा दी गयी चेतावनी पर आधारित हैं।

सच को स्वीकारों और भविष्य सुरक्षित बनाओ

बचे नहीं श्रावक अगर, नहीं बचेंगे संत

संत धरा पर न बचे, जैन धरम का अंत।

चाहो रक्षा धर्म की, जन्मो सुपुत्र चार

एक पुत्र से ना बचा, धर्म और परिवार

धन से नहीं संतान से, रक्षित होगा धर्म.

अतः अधिक संतान से, बचे संत अरु धर्म

देश समाज जाति परिवार को सुरक्षित रखना हैं तो इस ओर पहल जरुरी हैं अन्यथा भविष्यवाणी सही साबित ना हो जाय और फिर कहना होगा, ÷चिड़िया चुग गयी खेत, अब पछताय का होत।

(चिंतन-मनन) उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, %बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी।

अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई।

सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, %देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया।

सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, %बहूरानी! अंधेरे को ?से मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ?से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते

## कुत्तों का आत्म सम्मान

सुमित राठौर

किस्सा आज सुबह का है। हमारा पालतू कुत्ता शेरू कहीं मिल नहीं रहा है। थोड़ी देर पहले तो घर पर ही था। लेकिन बाहर से कुछ भौंकने की आवाजें आने के बाद वह कहीं चला गया था। सोचा अभी आता ही होगा, लेकिन एक घंटा बीतने के बाद जब वह नहीं आया तो चिंता होने लगी। मैंने तुरंत उसे ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए। अपनी कॉलोनी से थोड़ा आगे पहुंचा तो एक पार्क से भौंकने की आवाजें आ रही थीं। मैं पार्क में ही पहुंच गया। वहां देखा तो मैं आश्चर्यचकित था। हमारे शेरू के साथ कुछ 25 से 30 कुत्ते एक गोल घेरा बनाकर बैठे हुए थे। लगा जैसे कोई सभा चल रही थी। करीब आधे घंटे बाद जब शेरू ने मुझे देखा तो वह तुरंत मेरे पास आया। मैंने उसे पुचकारा और घर चलने के लिए कहा। वह बड़ा चिंतित सा लग रहा था। मुझे भी यह जानना था कि यह सभा किसलिए बुलाई गई थी। शेरू के उठते से ही सभा समाप्त हुई। सभी भौंकते-भौंकते विदा हुए।

**घर चलते-चलते शेरू ने बताया-**

**%हम कुत्तों की भी एक एसोसिएशन है। मॉर्निंग डॉग्स एसोसिएशन।%**

हमारा एसोसिएशन समय-समय पर कुत्तों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर चिंता व्यक्त करता है। आपने पढ़ा ही होगा कि दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में हमारे एक साथी को सैर कराने पर एक आईएएस दंपति का ट्रांसफर कर दिया गया। पति को लद्दाख तो पत्नी को अरुणाचल प्रदेश भेज दिया गया। हमारे उस साथी को उस दिन घूमने नहीं दिया गया। काफी तनाव में रहा होगा वो। अगले दिन से उस स्टेडियम में भविष्य में अब वह कभी नहीं घूम पाएगा। हम लोगों ने उस कुत्ते के समर्थन में आज सभा बुलाई थी। स्टेडियम में घूमने पर उस बेचारे कुत्ते का क्या दोष। दिल्ली में जो भी हुआ उसे लेकर भी हमारे कई साथियों में आक्रोश है। क्या आपको पता है लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश की दूरी 3464 किलोमीटर है। अब वह कहां जाएगा अरुणाचल प्रदेश या लद्दाख, सोचिए जरा....।

**पूरा कुत्ता समाज इस फैसले से बहुत नाराज है।**

**शेरू गुर्रराते हुए बोला-**

%हम इतने गए बीते भी नहीं हैं, हमारा भी कुछ आत्मसम्मान है।

हमने कई फिल्मों में काम किया है। तेरी मेहरबानियां फिल्म तो याद होगी आपको। कुत्ता किस प्रकार अपनी वफादारी दिखाते हुए अपने मालिक की हत्या का बदला लेता है।

**हम सेनाओं में अपनी सेवाएं देते हैं।**

**हमारा एक विशेष डॉग्स क्रॉवड होता है।**

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 1957 में अंतरिक्ष में जाने वाला पहला जानवर भी एक हमारी ही जाति की एक कुतिया लाइका थी।

अभी हाल ही में अमेरिका के साउथ कैरोलिन में एक पैबल्स नाम के कुत्ते ने सबसे उम्रदराज 22 वर्ष होने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने उसे एक प्रमाण पत्र भी दिया है। इंस्टाग्राम पर पैबल्स के मालिक ने उसके नाम से एक अकाउंट भी बना रखा है, जिसमें पैबल्स की हर तरह की एक्टिविटीज की वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की जाती हैं। पैबल्स के 5 हजार से ज्यादा फोलोवर्स भी हैं। तमिलनाडु के शिवगंगा में 80 साल के एक बुजुर्ग को अपने पालतू कुत्ते टॉम से इतना लगाव था कि उसके मरने के बाद उस बुजुर्ग ने अपने कुत्ते की याद में मंदिर ही बनवा दिया। 80 हजार रुपये खर्च करके कुत्ते की एक ब्लैक मार्बल की मूर्ति बनवाई। अपने कुत्ते के मंदिर पर वो इंसान आज भी नारियल का प्रसाद और फूलों की माला भी चढ़ाता है।

दिल्ली में एक खिलाड़ी की चक्कर में हमारे उस साथी की कितनी तकलीफें बढ़ गई होंगी।

**शेरू फिर गुर्राया-**

मैं अपने शेरू की इस कुत्तई के बारे में कभी नहीं जानता था। वह अपने जैसे और कुत्तों के बारे में कितना सोचता है।

**शेरू ने बात आगे बढ़ाई-**

आज हमारी एसोसिएशन ने कुछ प्रस्ताव पास किए हैं।

पहला- कोई भी हमें अपने साथ रखे लेकिन हमें सुबह और शाम प्रतिदिन एक घण्टे की सैर जरूर कराए।

दूसरा- हमारे स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाए।

तीसरा- खाने को लेकर सप्ताह भर में कुछ नया आयटम मिलना चाहिए। कुछ लोग सिर्फ दूध रोटी खिलाकर ही हमें पालते हैं।

# राज्य सभा में राजनीतिक दलों की स्पष्ट तस्वीर

### सूडोकु नवताल- 6103

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

विनोद तकियावाला

भारतीय संविधान निर्माताओं ने प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली के अन्तगर्त में भारतीय संसद में दो सदन की व्यवस्था का प्रावधान किया है।इस व्यवस्था में लोक सभा व राज्य सभा का प्रावधान रखा गया है।राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है व लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा का नाम दिया है। राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं।जिनमे 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं ,इन्हें %नामित सदस्य% कहा जाता है।शेष अन्य सदस्यों का चुनाव होता है।राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं,जिनमें एक-तिहाई सदस्य प्रत्येक 2 साल में क्रमशःसेवा-निवृत होते हैं.

संविधान के अनुच्छेद 80 में राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 निर्धारित की गई है, जिनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित किए जाते हैं और 238 सदस्य राज्यों के और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं।तथापि राज्य सभा के सदस्यों की वर्तमान संख्या 245 है, जिनमें से 233 सदस्य राज्यों और संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली तथा पुडुचेरी के प्रतिनिधि हैं और 12 राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित हैं।राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाले सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें साहित्य,विज्ञान,कला और समाज सेवा जैसे विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।

हाल में सम्पन्न हुए चार राज्यों की 16 राज्यसभा सीट के चुनाव के नतीजों



के बाद राजनैतिक दलों में कही ख़ुशी, तो कही ग़म का माहोल हैं।

संसद के उच्च सदन में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या मौजूदा 95 से घटकर 92 हो गई है,जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 29 से थोड़ा बढ़कर 31 हो गई है।वही शिरोमणी अकाली दल दो से शून्य पर तो बसपा 3 से 1सीट पर सिमट गई हैं,जब की वाईएसआर कांग्रेस की 6 से बड़कर 9 सीट हो गई हैं।सर्व विदित रहे कि राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में प्रत्येक दो साल में एक तिहाई सीटों पर चुनाव होता है।राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल की अविधि 6 वर्ष का होता हैं।

शुक्रवार को चार राज्यों-राजस्थान,हरियाणा, कर्नाटक और महाराष्ट्र में कांटे की टक्कर देखी गई,जहां भाजपा ने 57 सीट में से 22 पर जीत हासिल की,जबकि कांग्रेस के खाते में नौ सीट गई।

इस बार राज्य सभा के सेवानिवृत्त हो रहे 57 सदस्यों में से भाजपा के 25 सदस्य और कांग्रेस के सात सदस्य हैं।ये सभी सदस्य अगले महीने सेवानिवृत्त हो जाएंगे और उनकी जगह नव निर्वाचित सदस्य राज्य सभा सासंद बन कर आएंगे।

दिलचस्प बात यह है कि इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों राजनीतिक पार्टी ने उम्मीदवार के लिए अपने नये और युवा चेहरों पर भरोसा जताया,जिनमें से कुछ को तो पहली बार राजनीतिक दलों ने मनोनीत किया हैद्ध संसद की इस ऊपरी सदन में युवा चेहरों को नामित करने वाली कांग्रेस पार्टी अब अधिक ताकत के साथ आगामी दिनों में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने का प्रयास करेगी।भाजपा के संख्या बल में चार मनोनीत सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने सत्तारूढ़ दल के साथ रहने का विकल्प चुना है।भाजपा को सात और मनोनीत सदस्यों का समर्थन प्राप्त होगा।ये सात सीट फिलहाल खाली हैं।भाजपा को निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा का भी समर्थन प्राप्त होगा । अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में,आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर-कांग्रेस की ताकत मौजूदा छह से 9 सीट की हो गई है,जबकि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य उच्च सदन में होंगे।द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक), बीजू जनता दल (बीजद), तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना जैसे क्षेत्रीय दलों की ताकत पुर्व की तरह बरकरार है।इन दलों के उतने ही उम्मीदवार जीते हैं जितने उनके सेवानिवृत्त हुए हैं।

## रोजगार में बड़ा सुधार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने रोजगार के बारे में जो घोषणाएं की हैं, यदि उन्हें वास्तव में अमली जामा पहनाया जा सके तो लोगों को काफी राहत मिलेगी। मोदी ने कहा है कि अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां मिलेगी और राजनाथ सिंह ने तो भारतीय सेना में भर्ती और सेवाओं के नियम ही बदल दिए हैं। इस समय देश में करोड़ों लोग पूर्णरूपेण बेरोजगार हैं और उससे भी ज्यादा लोग अर्धरोजगार हैं। याने उन्हें पूरे समय कोई काम मिलता ही नहीं है। यदि 10 लाख को रोजगार मिल जाए तो यह तो ऊँट के मुंह में जीरे के समान ही होगा। सरकार की दृष्टि अपनी नौकरियों तक ही सीमित है। केंद्र सरकार के पास 40 लाख पद हैं। उनमें से लगभग 9 लाख खाली पड़े हैं। उसका कर्तव्य क्या इतना ही है कि वह इन्हें भर दे? वह तो है ही, उनसे अलग नए गैर-सरकारी रोजगार पैदा करना उससे भी ज्यादा जरुरी है। सरकारी नौकरों को वेतन, भत्ता और पेंशन आदि तो पूरे-पूरे मिलते रहते हैं लेकिन वे अपना काम कितना करते हैं, इस पर कड़ी निगरानी का कोई तरीका हमारे यहां नहीं है जबकि चीन में मैंने कई बार देखा कि सरकारी और प्राइवेट कंपनियां अपने कार्यकर्त्ताओं से डटकर काम लेती हैं। इसीलिए भारत से पिछड़ा हुआ चीन हमसे पांच गुना ज्यादा मजबूत हो गया है। सरकारी नौकरियों की संख्या जरुर बढ़े लेकिन उनकी उपयोगिता के मानदंड काफी सख्त होने चाहिए और हर पांच साल में उनकी समीक्षा होनी चाहिए। जो भी अयोग्य पाया जाए, उस कर्मचारी को छुट्टी दी जानी चाहिए। फौज में नौकरियों के नए नियम बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथसिंह बधाई के पात्र हैं लेकिन कुछ अनुभवी अफसरों ने चिंता भी व्यक्त की है। इस साल 46 हजार नौजवानों को फौज में भर्ती किया जाएगा। उनकी उम्र 17.5 से 21 साल तक होगी। सभी जवानों को 4 साल तक फौज में रहना होगा। 4 साल बाद सिर्फ 25 प्रतिशत जवान वे ही रह पाएंगे, जो बहुत योग्य पाए जाएंगे। शेष 75 प्रतिशत जवानों को सेवा-निवृत्त कर दिया जाएगा। उन्हें पेंशन भी नहीं मिलेगी लेकिन नौकरी छोड़ते वक्त उन्हें 11 लाख 71 हजार रु. मिलेंगे, जिनसे वे कोई भी नया काम शुरु कर सकेंगे। उन्हें सरकार विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता भी दिलवाती रहेगी। इस नए प्रावधान पर एक प्रतिक्रिया यह भी है कि सिर्फ चार साल की नौकरी के लिए कौन आगे आएगा? उस चारवर्षीय अनुभव का फायदा अन्य नौकरियों में कुछ काम देगा या नहीं?

# मतदान केंद्र बदलने से हो सकता है गोली कांड, ग्रामीणों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन



**मुरैना।** ग्राम पंचायत उरहेड़ी मैं षडयंत्र पूर्वक मतदान केंद्र क्रमांक 173 को कुछ असामाजिक तत्व शासकीय प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कराने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे कि मतदाता वोट नहीं डाल सके और बूथ कैपचरिंग की जा सके। पंचायत के ग्रामीणों ने बुधवार को मुरैना पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है और कहा है कि मतदान केंद्र बदला गया तो उपद्रवी अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग साजिश के तहत मतदान केंद्र 173 राजीव गांधी सेवा केंद्र से हटवाकर शासकीय प्राथमिक विद्यालय उरहेड़ी में स्थानांतरित कराने का प्रयास कर रहे हैं, इस विद्यालय पर पूर्व में भी मतदान केंद्र बनाया गया तथा लड़ाई-झगड़े एवं गोलियां चली एवं बूथ कैपचरिंग की घटनाएं भी हुई हैं और जनहानि होने की संभावना रहती है। स्कूल के लिए 20 गांव में मात्र एक ही रास्ता है, इसलिए जब लोग वोट डालने के लिए जाते हैं तो उपद्रवी उनके ऊपर पत्थर फेंकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2008 में विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां पर झगड़ा और गोली कांड हुआ था, जिसमें लोगों को वोट नहीं डालने दिया गया, बाद में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा मतदान केंद्र पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और शाम 5 बजे वोटिंग शुरू हुई, जो रात 10 बजे तक होती रही। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मतदान केंद्र 173 राजीव गांधी सेवा केंद्र को यथावत रखा जाए। इसी प्रकार मतदान केंद्र क्रमांक 174 जो कि वर्तमान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय बर का पुरा में स्थित है, उसे साजिश करके ग्राम उरहेड़ी में कराना चाहते हैं। यहां यादव जाति के लोग रहते हैं तथा ज्ञापन देने वाले कुशवाह जाति से है, जिससे आने वाले पंचायत चुनाव में बर का पूरा के मतदाताओं को मतदान से वंचित किया जा सके और चुनाव में धांधली की जा सके। ज्ञापन देने वालों में रचना यादव, प्रेमा, विश्राम, विजेंद्र, शांति, जसवंत सिंह, भूरी, कमला, देवेंद्र, बबलू, अमर सिंह आदि प्रमुख है।



## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बानमौर-मुरैना नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण

**मुरैना।** बुधवार को मुरैना पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा झाँसी मंडल के बानमौर-मुरैना लगभग 20 किमी रेल खंड के मध्य निर्माणाधीन तीसरी लाइन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत आशुतोष द्वारा सभी संस्थापन जैसे कि स्टेशन, ट्रैक, पॉइंट्स, ओएचई, सिग्नल आदि का गहन निरीक्षण किया। उक्त खंड पर प्रगति पर चल रहे तीसरी लाइन कनेक्टिविटी कार्य सहित सभी आवश्यकताओं को समय सीमा के अन्दर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह कार्य मथुरा-झाँसी रेलखंड के मध्य तीसरी लाइन प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसके बाद यह खंड तिह्रीकृत हो जायेगा और यात्रियों को यात्रा में और भी सुगमता तथा समय पालन में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि झाँसी मंडल में तीसरी लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके अंतर्गत अभी तक ग्वालियर-बानमोर (19 किमी) रेलखंड, झाँसी-बबीना (25 किमी) रेलखंड तथा ललितपुर-बिजरौठा(30 किलोमीटर) रेलखंड पर तीसरी लाइन पर रेलगाड़ियों का संचालन शुरू किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने तीसरी लाइन एडवांस स्थिति में है। इसके अलावा सांक स्टेशन का निरीक्षण भी किया।

## नई शिक्षा नीति का आधार है सीसीएलई; चित्रलेखा पचौरी



**मुरैना।** लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित सतत व्यापक अधिगम एवं मूल्यांकन कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में शुरू हुआ। उद्घाटन एवं परिचयात्मक सत्र भोपाल से पधारीं चित्रलेखा पचौरी राज्य स्तरीय स्त्रोत समूह समन्वयक एसआरजी, जिला शिक्षा विभाग के एडीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर, एपीसी अम्बरीष शर्मा, और मुख्य प्रशिक्षक डॉ सुधीर आचार्य डीआरजी टीम के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर राज्य स्तरीय स्त्रोत समूह समन्वयक श्रीमती चित्रलेखा पचौरी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि 21वीं सदी मैं नई शिक्षा नीति को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति सतत, व्यापक अधिगम और मूल्यांकन पद्धति अर्थात सीसीएलई पर आधारित है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी की रूचि, प्रतिभा, क्षमता को विकसित करना है और उसकी बहुमुखी प्रतिभा का व्यवहारिक उन्नयन करना है। इस अवसर पर प्रशिक्षक के टीम सुधीर आचार्य, सुजाता तोमर, अमिता शुक्ला, कविता सारस्वत, रविशकांत कटारे ने प्रमुख रूप से विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण दिया। जिसमें विषय वस्तु को समझना पाठ्यचर्या, लेखन विधा, निबंध, कहानी, कविता, समाचार पत्र लेखन एवं लोक गीत, लोक नाट्य आदि पर प्रशिक्षण हुआ।

## सामान्य भविष्य निधि खाता आवंटन और सुधार के लिये आवेदन आमंत्रित

**मुरैना।** प्रधान महालेखाकार कार्यालय-लेखा एवं हकदारी ग्वालियर ने एक जनवरी 2005 से पूर्व के ऐसे शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से आवेदन करने का आग्रह किया है, जिनको सामान्य भविष्य निधि खाता क्रमांक आवंटित नहीं किया गया है।

# अनियंत्रित बस सिंगरौली नहर में गिरी, 2 की मौत, 8 घायल

### - लगुन फलदान लेकर श्योपुर जा रहे थे ग्रामीण

**मुरैना।** चिन्नौनी थाना अंतर्गत ग्राम खाड़ोली से श्योपूर जा रही एक बस सिंगरौली की पुलिया पर अनियंत्रित होकर सूखी नहर में गिर गई और चीख-पुकार मचने लगी। ग्रामीण मौके पर दौड़े तथा पुलिस को सूचना दी। इस हादसे में एक 7 वर्षीय मासूम बालक एवं 50 वर्षीय अधेड़ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर ग्राम खाड़ोली से सिकरवार परिवार एक बस क्रमांक एमपी 06 पी 1224 में




सवार होकर श्योपुर के लिए जा रहे थे, जैसे ही बस सिंगरौली नहर की पुलिया पर पहुंची तो अनियंत्रित गति होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बस सूखी नहर में गिर पड़ी। उक्त घटना दोपहर 2 बजे घटित हुई। हादसा देख आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। इस हादसे में चिराग पुत्र कुलदीप सिकरवार 7 वर्ष एवं अभिलाख सिंह पुत्र अतिराज सिंह सिकरवार 50 वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मुरारी सिकरवार, रामनिवास सिकरवार, निर्मन सिकरवार, श्याम सिकरवार, बासुदेव सिकरवार, अभिषेक सिंह, लोचन सिंह, नितिन सिंह आदि घायल हो गए। पुलिस द्वारा एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मृतकों के शव पीएम हेतु भेज दिए गए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौर ने बताया कि सिकरवार परिवार लगुन फलदान लेकर श्योपुर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक वस्तुओं का बिक्री-उपयोग एक जुलाई से प्रतिबंधित

**मुरैना।** प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 में एक जुलाई से सिंगल यूज़ प्लास्टिक वस्तुओं का विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग प्रतिबंधित हो जायेगा। इसमें प्लास्टिक स्टिक वाली इयर-बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झंडे,




केंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन (थर्माकॉल) की सजावटी सामग्री, कप-प्लेट, गिलास, काँटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डब्बे, आमंत्रण-पत्र, सिगरेट पैकेट को पैक करने वाली रेपिंग फिल्म, 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बेनर और स्टिरर्स का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्लास्टिक के केरी बैग की मोटाई 30 सितंबर 2021 से 50 माईक्रॉन से बढ़ाकर 75 माइक्रॉन कर दी गई थी, जो 31 दिसंबर 2022 से 120 माईक्रॉन हो जाएगी। ऐसी सभी तरह की सिंगल यूज़ प्लास्टिक, जो उपयोगी कम है, पर कचरे के रूप से चिरकाल तक रहती हैं, के साथ पॉलीस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीस्टाइरीन को प्रतिबंधित किया जा रहा है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को विस्तृत कार्य-योजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये हैं।




## नगर परिषद कैलारसः पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष, माकपा नगर सचिव राजेश गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 13 से भरा नामांकन

**कैलारस।** नगर परिषद कैलारस के निर्वाचन में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नगर सचिव राजेश गुप्ता ने नगर के वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद पद हेतु नामांकन सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भरत कुमार को प्रस्तुत किया। नामांकन देने आए माकपा प्रत्याशी ने बताया कि वे स्थानीय निकाय के निर्वाचन में वैकल्पिक नीतियों को प्रस्तुत करने के लिए, सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ, संपत्ति कर से लेकर विभिन्न कारों की बढ़ोतरी के विरुद्ध संघर्ष को आगे बढ़ाने तथा युवाओं को रोजगार, पेयजल ,स्वच्छता सहित जन समस्याओं के निराकरण के लिए चुनाव के मैदान में है। उन्होंने कहा कि अभी तक उजाडे गए दुकानदारों के पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सब्जी मंडी से लेकर अन्य मार्केट्स के पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



इन मुद्दों पर जन संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए ही माकपा चुनाव के मैदान में है। इस दौरान मौके पर मौजूद माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों में अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू की है। इससे धनवल बाहुबल और सत्तावल का प्रभाव पड़ेगा। इसके चलते जनता के बास्तविक प्रत्याशी प्रतिनिधि परिषद में नहीं पहुंच पाएंग, लूट, खसौट बढ़ेगी। उन्होंने अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने अच्छे संघर्षशील, ईमानदार, प्रत्याशियों, खासतौर से माकपा के अभ्यर्थियों को जिताने की अपील की है।

# नाबालिका का बलात्कार करने पर 25 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** नाबालिका का बलात्कार करने के मामले में माननीय न्यायालय श्रीमती शिप्रा पटेल, न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012) अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना ने प्र0क्रं0 59/21 में आरोपी गोपाल उर्फ अनिल पुत्र रामेश्वर लोधी आयु 28 वर्ष, पेशा-मजदूरी, निवासी-ग्राम घुरघान थाना दिमनी, मुरैना जिला-मुरैना म.प्र. को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में 25 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में श्रीमान् जिला अभियोजन अधिकारी जिला-मुरैना रोशनलाल छापरिया के निर्देशन में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया द्वारा की



गई। मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि 06 जून 2021 को अभियोक्त्री उम्र 09 वर्ष अपनी मां के साथ खेत पर सरसों के ढूंड लेने गई थी। अभियोक्त्री थोडी देर बाद रामजानकी बाग में खाने के लिये बेलुआ लेने गई तभी पीछे से वहां पर अभियुक्त अनिल लोधी आ गया और अभियोक्त्री के साथ जबरन बलात्कार किया। 07 जून 2021 को अभियोक्त्री ने अपने माता-पिता के साथ थाना दिमनी आकर उक्त घटना की रिपोर्ट की। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट पर से अभियुक्त गोपाल उर्फ अनिल लोधी के विरूद्ध आरक्षी केन्द्र दिमनी में अपराध क्रमांक 115/2021 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण पॉक्सो एक्ट का होकर गंभीर प्रकृति का था। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती प्रतिभा उमरैया के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी गोपाल उर्फ अनिल पुत्र रामेश्वर लोधी को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में 25 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए केअर्थदण्ड से दंडित किया है।

# कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार शोभा सिकरवार ने किया जनसंपर्क, "श्रीमदभागवत कथा में शामिल हुई"

## "समर्थन में दो बैठकें कर चुनावी रणनीति बनाई"

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, विकास किया है, विकास करेंगे के जोशीले नारों के बीच छतों से फूलों की बारिश और स्वागत करने उमड़ रही भीड़ के साथ कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने आज विजय नगर आमखो, कंपू और बारादरी मुरार से सदरबाजार में सघन् जनसंपर्क करते हुए आमजनों, माताओं, बहनों और भाइयों को भरोसा दिलाया है कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। 66 वार्डों के विकास को गति देंगे। हमने विकास किया और विकास करेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरबार ने आज सुबह वार्ड 56 के पोद्दार हॉस्पीटल से जनसंपर्क की





शुरुआत करते हुए विजय नगर आमखो, पहाड़ी, कम्पू बस स्टैंड मार्ग, टंकी आदि क्षेत्रों में घर, घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान शोभा का नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने जगह, जगह तिलक लगाकर और पुष्पहार पहनाकर गले लगाया। इसके साथ ही महापौर उम्मीदवार डाँ शोभा सिकरवार हजीरा सब्जी मंडी स्थल पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुई और पूजा अर्चना कर व्यास पीठ से आशीर्बाद लिया। इसके साथ ही शाम को मुरार के बारादरी चौराहे से जनसंपर्क सदर बाजार की दोनों पट्टियों पर आमजनों से रूबरू होकर समर्थन मांगा। डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि हम व्यापारी भाइयों की सलाह पर विकास कार्यों को गति देंगे। सदर बाजार में कांग्रेस उम्मीदवार का जोशीला स्वागत किया गया। जनसंपर्क में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष शामिल रहे। इसके अलाबा महापौर उम्मीदबार डॉ. शोभा सिकरवार के समर्थन में विनय नगर और गैस गोदाम मुरार में बैठक हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई।

## उर्वशी सागर आदित्य फाउंडेशन की महिला सचिव मनोनीत



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** आदित्य फाउंडेशन के अध्यक्ष आदित्य सक्सेना ग्वालियर की नई कार्यकारिणी में ग्वालियर की मॉडल एक्टर समाजसेवी समाज के हर कार्य में आगे रहने वाली समाजसेवी उर्वशी सागर को ग्वालियर शहर से सचिव पद पर मनोनीत किया इस कार्यक्रम में मेकअप आर्टिस्ट निशा खान साथ में आदित्य सक्सेना उपस्थित रहे उर्वशी ने कहा कि कंपनी और समाज के प्रति में हरदम तत्व पर खड़ी रहूंगी और विश्वास जताते हुए उन्होंने आदित्य सक्सेना व पूरी टीम का धन्यवाद किया

## नेक कार्य:भीषड़ गर्मी में स्वयं सेविकाओं ने स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया जल



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** भीषड़ गर्मी ऊपर से तापमान की मार हाय तौबा तौबा,ऐसे में अगर पीने को ठंडा पानी मिल जाये तो मानो यह लगता है कि परमात्मा को पा लिया।ग्वालियर में कमला राजा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने ग्वालियर भीषड़ गर्मी के चलते रेल्वे स्टेशन पर जल सेवा( जल वितरण)कर गर्मी में लोगो को राहत देने का कार्य किया है।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एमआर कौशल,राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीणा शुक्ला,डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी दी।यहां बता दें कि आये दिन स्वयं सेविकाओ द्वारा समाजसेवा के कार्य किये जाते हैं।

# भरतपुर नेशनल हाईवे 21 को माली सैनी समाज ने किया जाम

**पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** 12त्र अलग से आरक्षण को लेकर माली सैनी समाज कई सालों से कर रहा था मांग कुछ दिनों पहले जयपुर में विधानसभा घेराव करके सरकार को दिया था अल्टीमेटम लेकिन सरकार ने बात नहीं मानी जिससे गुस्साए सैनी माली समाज के लोग और लाखों की तादाद में भीड़ इकट्ठी करके लगा दिया ठ्ठ्र-21 पर जाम



सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सीएल गहलोत समाज के लोग अपनी जिला कार्यकारिणी के साथ पहुंचे जाम स्थल पर गहलोत ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा आपको किसी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है हम अभी भी शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हैं हम चाहते हैं की सरकार सोच समझकर जिस प्रकार से हम शांतिपूर्ण तरीके से बैठे हैं उसी प्रकार से हमें हमारा हक दे दे वरना आने वाले कुछ ही दिनों में हम पूरे राजस्थान को बंद कर देंगे युवा नेता जितेंद्र ने कहा हम हिंसात्मक धरना नहीं करना चाहते सरकार हमें देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक यूज करती आई है और हम यूज होते रहे हमने कभी हमारा हक नहीं मांगा हमें राजनीतिक क्षेत्र में भी हमारा डेढ़ करोड़ माली समाज के आधार पर हमारा अधिकार चाहिए सरकार अगर बलि देने के बाद अधिकार देना पसंद करती है तो समाज के लिए हम हमारी बलि देना पसंद करेंगे शहीद होना पसंद करेंगे जिला परिषद सदस्य मदन मोहन सैनी राम सहाय सैनी युवा नेता राजेंद्र सैनी मान सिंह सैनी सैकड़ों समाज बंधु धरना स्थल पर मौजूद रहे

# भेदभाव करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर करें मुख्यमंत्री कार्रवाई राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र पवैया

**पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश में होने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में मुरैना कलेक्टर के द्वारा एक आदेश जारी किया गया जिसमें यह दर्शाया गया है कि अधि मान्यता प्राप्त संवाददाताओं को मतदान केंद्र में मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए अधिकृत किया जाना सुनिश्चित किया गया है जबकि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा स्पष्ट अक्षरों में लिखा गया है कि अधिमान्यता प्राप्त संवाददाताओं के अतिरिक्त आप स्वयं स्वविवेक से राष्ट्रीय मीडिया समाचार एजेंसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेटेलाइट न्यूज़ चैनल एवं महत्वपूर्ण के प्रतिनिधियों को भी पास जारी कर सकते हैं पर संबंधित प्रतिनिधियों के फोटो लगे होने सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुरक्षा जांच किए जाने की स्थिति में अपनी पहचान स्थापित करने मैं सुविधा होगी इसलिए यह वांछनीय होगा कि पासवर्ड फोटो भी लगाने की व्यवस्था की जाए यह आदेश क्रमांक 1 में लिखा गया है जबकि मुरैना कलेक्टर के द्वारा तानाशाही रवैया



दिखाते हुए पत्रकारों को रोक कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का कार्य किया है जिससे सरकार के प्रति पत्रकारों में गलत छवि व्याप्त होगी और सरकार को इस बात का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है अतः श्रीमान से अनुरोध है कि उक्त कलेक्टर मुरैना के इस पत्र को संज्ञान में लेकर संपूर्ण मध्यप्रदेश मैं यह आदेश लागू किया जाए कि समस्त पत्रकार जो इस दायरे में आते हैं पुनः परिचय पत्र देकर चुनाव कवरेज की अनुमति दी जाए अगर पत्रकारों के साथ न्याय नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ अपनी आवाज ऊंची करने व धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन मुरैना सहित शासन प्रशासन की होगी।अपका रविंद्र सिंह पवैय (राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ÷इस प्रकार पत्रकारों के हितों में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ द्वारा आवाज उठाकर सराहनीय कार्य किया गया है अब देखना यह है कि क्या मध्य प्रदेश शासन के मुखिया इस ओर ध्यान देते हुए पत्रकारों के हितों में कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे या नहीं।

## आदतन अपराधियों एवं बाउंड ओवर करने के लिए थाना प्रभारी ने गांव गांव जाकर चिपकाए पेंप्लेट

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद –**थाना प्रभारी राजेश सातनकर द्वारा गांव गांव जाकर आदतन अपराधियों की छानबीन की जा रही है वहीं शरारती तत्वों को वाउंड ओवर किया जा रहा है ज्ञात हो ग्राम पंचायत जनपद जिला



पंचायत के साथ नगर पालिका के चुनाव भी शीघ्र होने हैं जिसके लिए पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के निर्देशानुसार एसडीओपी आरकेएस राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोहद राजेश शातनकर थाना प्रभारी गोहद चौराहा रविंद्र शर्मा उप निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह भदोरिया एवं उपेंद्र धाकड़ सहित अन्य पुलिस बल गांव जाकर आदतन अपराधियों की तलाश कर रहा है साथ ही बाउंड ओवर की भी कार्रवाई की जा रही हैं एवं फरारी आरोपियों को धरपकड़ की जा रही है वही अवैध शराब जुआ सट्टा आदि पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष निर्देश दिए गए हैं जिनके तहत थाना प्रभारियों द्वारा तत्परता से कार्य किया जा रहा है गांव गांव जाकर चेतावनी के पंपलेट भी लगाए जा रहे हैं जिनमें थाना प्रभारी राजेश सातनकर एवं तहसीलदार रविश भदोरिया ने ऐचाया, पिपरोली,पिपरसाना,चितोरा में सरपंच प्रत्याशियों उनके परिजनों को समझाइश दी वहीं थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा एवं एसडीएम शुभम शर्मा एसडीओपी आरकेएस राठौर के साथ दिलीप सिंह पुरा डांग बिरखडी गांव में पहुंच कर समझाइश दी और लोगों को सजग किया जा रहा है साथ ही समझाइश दी जा रही है आगामी किसी भी चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान करें कोई भी शरारत करने की कोशिश ना करें पुलिस हर जगह अपनी पैनी नजर रखे हुए हैं किसी भी कीमत पर अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा इसलिए शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लेते हुए मतदान करें

## भाजपा की जिला कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी भिंड की जिला कोर कमेटी की बैठक विद्यावती कॉलेज भिंड मै आयोजित की गई !जिला कोर कमेटी की बैठक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय



लाल सिंह आर्य, सहकारिता मंत्री म. प्र शासन माननीय अरविंद सिंह भदौरिया, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी,कैबिनेट मंत्री दर्जा रणवीर सिंह जाटव, निगम मंडल उपाध्यक्ष डा.राजकुमार कुशवाहा जिला भाजपा संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया ने बताया कि बैठक में नगरी निकाय चुनाव के संबंधित चर्चा की गई । एवं जिले के कोर कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए !नगरी निकाय चुनाव के टिकट वितरण के संबंध में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई ! टिकट वितरण को लेकर अंतिम कोर कमेटी की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई एवं प्रत्याशी अच्छी मतों से विजय प्राप्त करने के संबंध में समीक्षा की गई प्रत्याशियों के बायोडाटा ओं को लेकर मंथन किया गया एवं सभी वरिष्ठ,मंत्री, पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया गया और पार्टी को बहुत अच्छी जीत हासिल हो ! इस अवसर पर कोर कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कांकर , डॉ रमेश दुबे,अवधेश सिंह कुशवाह ,देवेन्द्र नरवरिया जिला महामंत्री धीर सिंह भदोरिया, कमल शर्मा,धर्म सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री आरबी सिंह बघेल, जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## शासकीय आइटीआइ पालडोंगरी के कैंपस ड्राइव में 10 उम्मीदवारों का चयन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था पालडोगरी में 15 जून को आई टी आई उतीर्ण और 10 वीं 12 वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के एवं



वर्तमान में अंतिम वर्ष के संस्था में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए के कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिनमें 10 उम्मीदवारों का चयन यशस्वी ग्रूप जबलपुर के रीजनल मैनेजर योगेन्द्र चौहान ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य संजय जंघेला , टी पी ओ प्रभारी सतीश मानेपूरे , वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी आदर्श पटले, दिनेश मेरावी, संजय पारधी, आशीष पटेल, विशाल कोडापे ,आशीष ठाकुरआदि उपस्थित रहे। मंच सचालन अशोक नागदेवे प्रशिक्षण अधिकारी विधुतकार के द्वारा किया गया।

# हेट्स ऑफ़ पुष्पा: स्त्री सशक्तिकरण का बेनमून उदाहरण

हम टीवी सिर्फ़ मनोरंजन के लिए देखते है पर कभी कभी कोई सीरियल या पात्र हमारा पसंदीदा बन जाता है। वैसे तो आज तक कभी किसी सीरियल ने दिल को इतना भावनात्मक रूप से नहीं छुआ जितना पुष्पा इंपासिबल ने।

आजकल टीवी पर सोनी सब चैनल पर पुष्पा इंपासिबल नाम से सीरियल चल रही है, उसमें जो पुष्पा का मुख्य पात्र दर्शाया गया है वो स्त्री सशक्तिकरण का एक बेनमून उदाहरण है। करुणा पांडे ने इस पात्र के साथ पूरा न्याय किया है। कैसे एक अकेली स्त्री तीन बच्चों को अकेले हाथों हर परिस्थिति का बखूबी सामना करते, पाल-पोषकर बड़ा करती है उस सिच्यूएशन को बहुत सुंदर तरीके से पेश किया है। गजब का आत्मविश्वास है उस स्त्री का। जो उपमाएं दी जाती है नारियों को उमा, दुर्गा और लक्ष्मी की शायद ऐसी स्त्रियाँ उसे परिभाषित करती है।

पुष्पा का पति सालों पहले तीन बच्चों के साथ पुष्पा को अकेला छोड़ कर कहीं भाग गया है, जिसे सब भगोडा कहते है। पुष्पा जब भी ज़िंदगी की चुनौतियों से त्रस्त होती है तब पति की तस्वीर के सामने अपनी भड़ास निकालते कोस लेती है। पर एक चुनौती के साथ बहस ख़त्म करती है। हर औरत को इस किरदार से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। पुष्पा छोटी छोटी बातों पर हार कर निराश नहीं होती, बल्कि हर चुनौती का हल निकालकर कुंदन सी निखर कर उभर आती है। पुष्पा के लिए ज़िंदगी जंग है और उसने जैसे हर जंग को जीतने की ठानी है। जिसमें उसके पास-पड़ोस के लोग किस तरह सहयोग देते है वो दिखाया गया है।

चॉल में रहने वालों की समस्याएं, उनकी छोटी-छोटी चीज़ों में से खुशियाँ ढूँढने की कला, एक दूसरे के लिए समर्पित भाव, रूठना, मनाना और झगड़े हुबहू जीवन को परिभाषित करता है। अपने बच्चों की एक-एक खुशियों को पूरे करने की पुष्पा की



जद्दोजहद, फिर भी बच्चों के मन में उठते कभी असंतोष तो कभी अपनी माँ के प्रति सौहार्द भाव दिल छू लेता है। टीन एज बेटी और गलत संगत के शिकार बेटे को संभालने का पुष्पा का हौसला काबिले तारीफ़ है।

बापोद्रा चॉल का हर छोटा-बड़ा किरदार दर्शक के दिमाग पर अपनी छाप छोड़ जाता है। एक किराना स्टोर वाले का पुष्पा को एक भाई की तरह कदम-कदम पर साथ देना और एक बुज़ुर्ग महिला राधा काकु का पुष्पा की हर छोटी बड़ी मुसीबतों का धैर्य से सामना करने हेतु शब्दों से ही हल ढूँढ कर देना नतमस्तक कर जाता है। कहाँ देखने को मिलता है ऐसा स्नेह आजकल, परिवार में भी एक दूसरे के प्रति समर्पित भाव नहीं दिख रहा।

इस सीरियल को महज़ मनोरंजन के उदेश्य से न देखें तो बहुत से ऐसे पहलू है जो हमें जीवन जीने के तरीके सीखाती है। बड़े घराने में बेटे का रिश्ता तय करवाने के लिए पुष्पा की कोशिश, उसी घर में खाना पकाने जाना और उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के बीच की सोच का टकराव और बहस के बाद का समाधान, इन सारे द्रश्यो के बीच भी मनोरंजन नहीं छूटता। पुष्पा के किरदार को हर बात पर थोड़ा ऑवर रिएक्ट करते दिखाया है जो गुजराती लहजे में बड़बोलापन दिखाती है, पर मन समाधान कर लेता है की हाँ कुछ लोग होते है ऐसे भी मन में कुछ नहीं होता जो होता है प्रदर्शित कर देते है।

पुष्पा का किरदार ज़िंदगी के हर लम्हों में जश्न ढूँढता है, इस दमदार अदाकारा के साथ सीरियल के सारे पात्रों ने अपनी तरफ़ से शत प्रतिशत दिया है। एक-एक किरदार से असलियत झलकती है। hats off प्रोडक्शन को दर्शकों की ओर से hats off कहना तो बनता है। कुल मिलाकर ये सीरियल सास बहू के षडयंत्र और गाली गलोच और हिंसा से परे मनोरंजन के साथ ज़िंदगी के फ़लसफे को समझाने लायक बनाने की कोशिश की गई है। अब आगे घर में बहू आने पर वही ट्रेक न पकड़ कर इसी तरह से आगे बढ़ती रहेगी तो हमलोग, बुनियाद और नुक्कड़ की तरह इस युग की एक यादगार धारावाहिक बनकर रहेगी इसमें कोई दो राय नहीं। अभी तो शुरुआत है, आगे-आगे देखिए होता है क्या। पर हर औरत को पुष्पा के किरदार से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वासी बनने की कोशिश जरूर करनी चाहिए।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

# आर टी ई के तहत अधिक से अधिक निःशुल्क प्रवेश सुनिश्चित करे : डी पी सी मनोज निगम

## अशासकीय शालाओ मे आर टी ई के तहत निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ- अंगद सिंह तोमर बी आर सी सी शिवपुरी




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पत्र क्रमांक 3681 दिनांक 14.06.2022 के क्रम मे शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु शिक्षा क अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय शालाओ मे ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 15.06.2022 से प्रारंभ हो चुकी है , इस संबंध मे जिला परियोजना समन्वयक मनोज निगम द्वारा सभी को निर्देशित किया कि इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक करे जिससे कि गरीव एवं बँचित समूह के बच्चे लाभानबित हो सके , अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाने हेतु कहा एवं बी आर सी सी शिवपुरी को कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु निर्देशित किया । कमजोर वर्ग एवं बँचित समूह के बच्चों के निशुल्क प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी ओर आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन https://rteportal.mp.gov.in/Lottery/Default.asp & पर जाकर स्वयं पालक कर सकते है , प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदन अपना समग्र आई डी एवं आधार क्रमांक दर्ज करके अपने ग्राम / वर्ड पड़ोस एवं विस्तारित पड़ोस के अशासकीय शालाओ मे बच्चे की उम्र के आधार पर शाला कि प्रथम प्रवेक्षित कक्षा मे ऑनलाइन लॉटरी उपरांत प्राप्त कर सकते है , आवेदन दिनांक 15.06.2022 से 30.06.2022 तक होंगे , आवेदन एवं मूल दस्तावेज के आधार पर निकट के जन शिक्षा केंद्र से सत्यपान दिनांक 20.06.2022 से 01.07.2022 तक करा सकते है , राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से रेंडम पद्धति के माध्यम से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन दिनांक 05.07.2022 को होगा जिसकी सूचना आवेदक को मोबाईल पर एस एम एस के माध्यम से प्राप्त हो सकती है । प्रवेश प्रक्रिया हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति , बन भूमि के पट्टा धारी , विमुक्त जाति , निशक्त जन छात्र , एच् आई व्ही ग्रस्त बच्चे , गरीबी रेखा के नीचे रहने बाले परिवार के बच्चे , अनाथ बच्चे (राज्य शासन द्वारा अनाथ बच्चों को भी कमजोर वर्ग मे शामिल किया गया है ), कोविड-19 से माता पिता/ अभिभावक कि मृत्यु होने के कारण अनाथ हए बच्चों की शिक्षा , आर्थिक सहायता तथा खाद्य सुरक्षा के लिए मुख्य मंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के हितग्राही इस योजना मे आवेदन करने हेतु पात्र हो सकते है ।

प्रवेश हेतु आयु के संबंध मे नर्सरी / केजी -1/के जी -2 हेतु न्यूनतम आयु 3 से 5 वर्ष होगी एवं कक्षा 1 हेतु न्यूनतम आयु 5+ से 7 वर्ष होंगे जिस हेतु आयु का निर्धारण 16.06.2022 की स्थिति मे होगा । उक्त कार्य हेतु विकास खंड कंट्रोल रूम कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र शिवपुरी निर्धारित किया गया है जिस हेतु 9893979696 अरविन्द वर्मा बी ए सी प्रभारी रहेंगे , 9893651212 प्रदीप शर्मा सदस्य रहेंगे , किसी भी समस्या हेतु बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर से 8085603045 पर संपर्क किया जा सकता है ।

## शिवपुरी नगरपालिका चुनाव में युवाओं की होगी निर्णायक भूमिका आदर्श को साधने में लगे कई उम्मीदवार



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– नगर पालिका पदों का आरक्षण जारी होने के बाद गुप्त चुनाव प्रचार तेजी पकड़ने लगा है। दावेदार युवाओं को अपने पाले में लाने के लिए ज्यादा से ज्यादा जोर दे रहे हैं। क्योंकि शिवपुरी नगर पालिका चुनाव में इस बार युवाओं की भूमिका काफी निर्णायक है। कुल मतदाताओं में से आधे मतदाता 18 वर्ष से लेकर 38 वर्ष की आयु श्रेणी में हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार पूरी तैयारियों के साथ जुट गए हैं। चुनाव जीतने के लिए दावेदार किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं इनका सबसे ज्यादा जोर युवा मतदाताओं पर हैं क्योंकि इन्हें भी पता है कि युवा जिस ओर होगा जीत उसी दावेदार की होगी। इसलिए युवाओं को अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने लगे हैं। दावेदार इसमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। यही वजह है कि वह अपने वार्ड में युवाओं में अपनी पैड बनाने के लिए आदर्श को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रहे हैं । कौन है आदर्श सिंह परिहार क्यों चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी चा रहे हैं उनका साथ ? पिछले 1 साल से आदर्श सिंह परिहार पत्रकारिता जगत में शिवपुरी जिले में सुर्खियां बटोर चुके हैं उनका चैनल एमपी 33 न्यूज़ निष्पक्ष होकर जनता के मुद्दे उठा रहा है तो वही उससे पूर्व वे कहीं स्कूल और कोचिंग संस्थानों में निशुल्क बच्चों को पढ़ाते थे कई सामाजिक बुराइयां और गतिविधियों से युवाओं ,बच्चों से स्कूल कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में जाकर सीधा संवाद करते हैं शिवपुरी मे डांसिंग में बड़ा नाम उनका रहा है साल 2015 में उन्होंने शिवपुरी के नाम टैलेंट शो विनर का अवार्ड भोपाल में जीता था वे खेल के मैदान के साथ साथ कई सामाजिक संस्था और संगठन से जुड़े हुए हैं और अनाथ बच्चों के लिए कार्य करते हैं यही कारण है कि उनसे शहरवासी, राजनीतिक नेता से लेकर पार्टियां और सामाजिक लोग उनके मुरीद है लेकिन बात यहीं नहीं रुकी पर्दे के पीछे वो एक राजनीतिक सलाहकार , डिजिटल मार्केटिंग,साइबर और सोशल मीडिया की गहरी समझ रखने वाले व्यक्ति हैं इसी के साथ ही प्रत्याशियों को किस प्रकार जनता से जोड़ना है किस तरह का प्रचार उनको करना है उनकी डिजिटल मार्केटिंग कैसी होनी चाहिए के सुझाव के साथ जनता से संवाद कर उनको आकर्षित करना उन्हें बखूबी आता है दो चुनाव में उनके सारे पर युवाओं ने एकमत होकर वोट डाला है यही वजह है कि ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी उनसे संपर्क साध रहे हैं और उन्हें उनके वार्ड में प्रत्याशी अपने लिए कार्य और प्रचार करने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं।।

### क्या कहा आदर्श ने चुनाव को लेकर

अभी मैं पूरी तरह से न्यूट्रल हूं किसी भी व्यक्ति को हा नहीं बोला है 19 जून को पीएससी का एग्जाम है लेकिन आप के माध्यम से शिवपुरी के मतदाताओं और युवाओं से कहना चाहूंगा कि शिवपुरी नगर पालिका में कई लोग चुनाव लड़ रहे हैं। उनमें काफी सोच समझकर ऐसे प्रत्याशी को चुनना है कि जो निजी स्वार्थ और भेदभाव से ऊपर उठकर शिवपुरी के वार्ड के विकास के मुद्दों को तरजीह दे। - आदर्श सिंह परिहार

## कालुराम काग ने आश्रम निर्माण के लिए 21 हजार रूपए का दिया सहयोग



**पुष्पांजली टुडे**

**चेन्नई** –बुधवार सुबह 10बजे कालुराम काग व्यासरवाडी ने पेरीयपालीयम श्री लिलडीया भेरुजी आईमाताजी सोऽहम आश्रम के निर्माण कार्य के लिए अपने परिवार कि तरफ सु 21 हजार रुपये की राशि आश्रम के संचालक स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया ।इस कार्यक्रम भोलाराम सोलंकी, जोगाराम काग, भींजाराम गेहलोत, देवमिश्रा, हेमाराम सोलंकी, कालुराम काग के पुत्र सुरेश काग राकेश काग वह परिवार के सभी सदस्य मौजुद थे। इस महान योगदान के लिए कालुराम काग वह उनके पुरे परिवार का आभार वह हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं दी गई।

## गोहद चौराहा पुलिस का अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर जनसंवाद जारी

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान जी के निर्देशन में लगातार मतदान केंद्रों पर जा जाकर एसडीओपी गोहद श्री आर के एस राठौर जी



तथा एसडीएम श्री शुभम शर्मा जी तथा थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा , उप निरीक्षक उपेंद्र धाकड़ द्वारा लोगों को शांतिपूर्वक मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज ग्राम डांग ,दिलीप सिंह का पूरा तथा ग्राम बिलखड़ी में जाकर मतदान केंद्रों का भ्रमण किया लोगों से संवाद किया तथा साथ ही प्रत्याशियों व उनके समर्थकों को मौके पर बाउंड ओवर कराया । थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश ,गुंडा, आदतन अपराधियों के खिलाफ की गई बाउंड ओवर की कार्यवाही से मौके पर ही उनको अवगत कराया , बाउंड ओवर संबंधी बंध पत्र दिए गये तथा अपराधियों के घर पर पम्पलेट चस्पा कर समझाइश दी गई कि आप पर 24 घंटे पुलिस की नजर है किसी भी तरह की अवैधानिक गतिविधियों में भाग ना लें । संपूर्ण जिले में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु पुलिस बल लगातार सक्रिय होकर फील्ड में कार्यरत है ।

# सी.एम.राईज प्राचार्य- उपप्राचार्यो को किया गया लैप-टॉप का वितरण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**




कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट में दिनांक 14 जून 2022 को सी.एम.राईज स्कूल के चयनित उप प्राचार्य को शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट द्वारा लैप-टॉप वितरण किया गया। लैप-टॉप वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय द्वारा सभी प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य को लैप-टॉप वितरण किया गया ।

सी.एम.राईज प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले शा. हायर सेकेण्डचरी नवीन बालाघाट, उप-प्राचार्य में श्री हुमराज पटले शा.उत्कृ्ष्टि विद्यालय वारासिवनी, श्री देवेन्द्र कुमार पारधी शा.हायर सेकेण्डचरी रजेगांव, श्री प्रवीणचंद्र साहू शा.हाईस्कूल बोलेगांव, श्री दीपचंद राठौर शा.हायर सेकेण्ड री लेण्डेघझरी, श्री शैलेन्द्र सहारे शा.उत्कृघष्ट् विद्यालय खैरलांजी, श्री साजिद मोहिस शा.हायर सेकेण्डरी नवीन बालाघाट द्वारा लैप-टॉप प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्राचार्य-उपप्राचार्य को सी.एम.राईज स्कूघल के उददेश्यव में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्राचार्य के.एस. पटले,डॉ.एम.के.जैन, श्री शरद खंडेलवाल द्वारा सी.एम.राईज हेतु अपना उदबोधन दिया गया एवं शासन की योजना को सफल बनाने प्राचार्य- उपप्राचार्य को कहा गया। कार्यक्रम में अतिरिक्तर जिला समन्व,यक श्री राजेन्द्रद प्रसाद श्रीवास्तोव, शा.उ.मा.वि.धनसुआ प्राचार्य के.एस. पटले, शा.हाईस्कूसल प्राचार्य डॉ.एम.के.जैन शा.उ.मा.वि.खारा श्री शरद खंडेलवाल, शा.हायर सेकेण्ड,री स्कू.ल पिपरिया भांडी श्री मोहन बोपचे, लेखापाल श्री शाहिद सिद्दीकी, जिला प्रोग्राम श्री नागेन्द्र्, श्री धानेन्द्र गौतम, श्री अकरम खान, श्री शिवदयाल शेंडे, श्री जीवनलाल कावरे उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी भिंड की जिला कोर कमेटी की बैठक विद्यावती कॉलेज भिंड मै आयोजित की गई !

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**



**भिण्ड** /जिला ÷कोर कमेटी÷ की बैठक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लाल सिंह आर्य जी, सहकारिता मंत्री म. प्र शासन माननीय अरविंद सिंह भदौरिया, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी,कैबिनेट मंत्री दर्जा रणवीर सिंह जाटव, निगम मंडल उपाध्यक्ष डा.राजकुमार कुशवाहा जिला भाजपा संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया जी,भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नाथू सिंह गुर्जर जी, भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया ने बताया कि बैठक में नगरी निकाय चुनाव के संबंधित चर्चा की गई । एवं जिले के कोर कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए !नगरी निकाय चुनाव के टिकट वितरण के संबंध में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई ! टिकट वितरण को लेकर अंतिम कोर कमेटी की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई एवं प्रत्याशी अच्छी मतों से विजय प्राप्त करने के संबंध में समीक्षा की गई प्रत्याशियों के बायोडाटा ओं को लेकर मंथन किया गया एवं सभी वरिष्ठ,मंत्री, पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया गया और पार्टी को बहुत अच्छी जीत हासिल हो !

इस अवसर पर कोर कमेटी के सदस्य एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कांकर , रमेश दुबे, अवधेश सिंह कुशवाह , देवेन्द्र नरवरिया जिला महामंत्री श्री धीर सिंह भदोरिया,श्री कमल शर्मा जी,श्री धर्म सिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री आरबी सिंह बघेल, जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## आदेशों के बाद भी विद्यालय से गायब रहते हैं सुंदरा प्राचार्य , पैसे लेने के भी लगे आरोप

**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना** – पन्ना जिले के जन शिक्षा केंद्र कन्या देवेंद्र नगर अंतर्गत आने वाली हाई स्कूल साला सुंदरा के प्राचार्य विश्वनाथ शुक्ला जी आए दिन अनुपस्थित रहते हैं और पत्रकारों की




पड़ताल की बाद जब उनसे बात होती है तो फोन के माध्यम से कहते हैं कि मैं निर्वाचन की ड्यूटी में हूं पन्ना जाता हूं और हाई स्कूल का स्टाफ भीअनुपस्थित रहता है सिर्फ बाबू के दम पर हाई स्कूल चलता है साथ ही साथ ही अशासकीय विद्यालय के संचालकों द्वारा बताया गया की उनसे रिजल्ट अनुमोदन में पैसे की मांग की जाती है और टी सी के काउंटर साइन में भी पैसे की मांग की जाती है शासकीय शिक्षक कभी यदि छुट्टी पर जाते हैं तो उनसे साइन करवाने का भी पैसा लिया जाता है और नाजायज तरीके से नोटिस बनाकर सभी शिक्षकों को परेशान किया जाता है और दबाव बनाया जाता है ऐसा ही आज 11ः00 बजे तक विद्यालय में प्राचार्य महोदय नहीं पहुंचे इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना को भी दी जा चुकी है।देखते है उच्च अधिकारी क्या कार्यवाही करते है।

## पुलिस थाना पिछोर ने ग्राम कोटरा भरतपुर में अवैध शराब के अड्डों पर छापा मारकर 4000 लीटर शराब बनाने का लाहन व कई शराब भट्टी नष्ट की

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर



गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में ग्राम कोटरा भरतपुर में अवैध शराब के अड्डों पर छापा मारकर कई अवैध शराब भट्टी नष्ट की व 4000 लीटर लाहन शराब बनाने का नष्ट किया इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मचा शराब बनाने वाले पुलिस को आता देख भाग गए पिछोर थाना टीम में सराहनीय भूमिका रही ए ए एस आई चेतन शर्मा एएसआई जहान सिंह एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव हीरा सिंह पाल घनश्याम सिंह परमार राघवेंद्र चौहान आरक्षण बृजेश राणा राघवेंद्र पाल मांगीलाल गुर्जर खंडेराव बच्चन सिंह तोमर व जितेंद्र गुर्जर शामिल रहे

# शिवपुरी पुलिस द्वारा थाना गोवर्धन क्षेत्र में आदिवासियों से की गई लूट का खुलासा कर आरोपियों को किया गिरफतार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– दिनांक 08.06.2022 फरियादी रिंकू आदिवासी पुत्र ज्ञानी आदिवासी उम्र 32 साल निवासी आदिवासी कालौनी ग्राम गाजीगढ थाना गोवर्धन ने हमराह बचनू आदिवासी, भरत आदिवासी के उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि दिनांक 07.06.2022 के रात्री करीबन 10.00 बजे खाना खा कर घर के बाहर सो गये थे करीबन 1.30 बजे की बात होगी तभी तीन अज्ञात लोगो ने हमे सोते से उठाया हमने देखा तीनो लोगो के मुह साफी से बधे हुये थे उनमे से दो लोग बन्दूक लिये थे एक ने मुझसे बोला कि तुम्हारे पास जो भी रुपया पैसा है हम लोगो को दे दो नही तो जान से मार देगे उन बदमाशो ने मुझसे मेरी दुकान में रखे 7000 रुपये एक मोबाईल कीपेड वाला जिसमें एयरटेल कम्पनी की सिम डली थी जिसका नम्बर 6232092462 था छुडा लिया एवं बचनू आदिवासी से बन्दूक से डरा कर 4000 रुपये नगद ,एक चाँदी की जंजीर कीमती 2500 रु की ,एक नाक की लोंग सोने की करीबन 1000 रु की छुडा ली साथ ही भरत आदिवासी से डरा धमका कर 15000 रुपये छुडा लिये इतनें में आदिवासी कालोनी के अन्य लोग जाग गये जिनकी आवाज सुनकर तीनो बदमास वहाँ से भाग गये तीनो की उम्र 25 साल से लेकर 35 साल के करीबन होगी सामने आने पर तीनो को



पहचान लेगे रात्री होने एवं हमारे पास साधन नही होने से रिपोर्ट को नही आ सके सुबह होने पर चोकीदार को बुलाकर थाना रिपोर्ट करने के लिये आये रिपोर्ट करते है कार्यवाही की जावे। रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया । श्रीमान के निर्देश के पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण कुमार भूरिया, श्रीमान एसडीओपी महोदय पोहरी श्री एस. एस. मुमताज के निर्देशन में मुखविर सूचना पर से दिनांक 14.06.2022 को दो आरोपियों को ग्राम हीरापुरा थाना गसवानी से गिरफ्तार किया गया। जिन्हौने पूँछताछ मे अपने अनूय दो साथियों के साथ घटना को अंजाम देकर मो.सा. से भाग जाना बताया वाद अनूय दो आरोपियों को उनके ग्राम कोटा थाना गसवानी से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से घटना मे प्रयुक्त 315 बोर की एक देशी बन्दूक एव 06 जिन्दा राउण्ड, एक 12 बोर की बन्दूक एकनाली, 08 जिन्दा कारतूस , एक 315 बोर का देशी कट्टा 02 जिन्दा राउण्ड तथा एक स्प्लेण्डर प्लस मो.सा. क्रमांक एमपी 31 एमडी 9016 बरामद की गई साथ ही लूटी गई राशि मे से 11500 रुपये , एक सोने की लोंग , एक चाँदी की जंजीर बरामद की गई । आरोपियों से अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किये गये है ।

उक्त कार्यवाही में उनि रुपेश शर्मा थाना प्रभारी गोवर्धन, का. वा. सउनि संदीप कुजूर, का.वा. प्रआर. निरंजन सिंह गुर्जर, का.वा. प्रआर. 729 वीरेन्द्र , आर. 1032 अजय यादव, आर. 83 जितेन्द्र जाट, आर. 1052 राघवेन्द्र जादौन, आर. 961 देवीलाल जाट तथा सायवर सेल शिवपुरी के प्रआर. देवेन्द्र सेन तथा गसवानी थाना प्रभारी शिवराम गुर्जर एवं स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर अपने 2 दिवसीय दौरे के बाद से दिल्ली रवाना

**रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर एवं विदाई दी**

**केंद्रीय मंत्री श्री तोमर जी ने श्री लाल सिंह आर्य को जन्मदिन पर गमछा पहनाकर शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया**





ग्वालियर। भारत सरकार के केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी आज अपने 2 दिवसीय ग्वालियर प्रवास के बाद गतिमान एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली रवाना हुए ग्वालियर स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने प्रिय नेता को विदाई दी

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर जी ने श्री लाल सिंह आर्य एवं श्री गुड्डू तोमर को जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर से भेंट करने रेलवे स्टेशन पर पधारे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य जी को केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर ने गमछा पहनाकर उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी श्री आर्य जी ने केंद्रीय मंत्री श्री तोमर का गमछा पहनाकर स्वागत के साथ आशीर्वाद लिया इस अवसर पर मौजूद पूर्व पार्षद एमआईसी सदस्य श्री धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू के जन्मदिन के अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य जी ने माला पहनाकर एवं गमछा पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी

केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर को रेलवे स्टेशन पर विदाई देने वालों में मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शिवहरे भाजपा जिला पूर्व उपाध्यक्ष अशोक जादौन महेंद्र सिंह सेंगर भाजपा महानगर पूर्व महामंत्री महेश उमरिया भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू एवं गिर्राज कंसाना एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र सिंह तोमर गुड्डू जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा भाजपा नेता सुभाष शर्मा , बलराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष हरिओम झा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत दांतरे भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक सिंह चौहान भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष सी पी मिश्रा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी पंकज पाठक सत्येंद्र सिंह गुर्जर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला ग्वालियर ग्रामीण पूर्व संयोजक पंडित आदर्श दीक्षित पूर्व पार्षद गुड्डू रत्नाकर भाजपा भगत सिंह मंडल कार्यालय मंत्री महेंद्र गुप्ता भाजपा भगत सिंह मंडल पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश दुबे रामकृष्ण मंडल के मंटी तोमर शशिकांत शिवहरे गुड्डू तोमर भगत सिंह मंडल किसान मोर्चा पूर्व अध्यक्ष दीपक मोदगिल हिमांशु शर्मा डब्बू युवा मोर्चा के जिला मंत्री यीशु चौहान, डिंपल चौहान चेरण भार्गव हेमंत तोमर मोनू कंसाना भारतीय युवा मोर्चा कार्यकर्ता अमरीश शर्मा युवा नेता राघवेंद्र सिंह रघु, अर्पित भार्गव, गिर्राज शर्मा सिद्धार्थ राजावत आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्षा ऋतु को देखते हुए होर्डिंग, स्ट्रेक्चर, यूनिपोल का करायें संधारण

ग्वालियर। नगर निगम सीमांतर्गत निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेंसियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्रर, यूनिपोल, फ्लैक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में वर्षा ऋतु को देखते हुए किये जा रहे विज्ञापन के स्थानों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा लें। उक्ताशय के आदेश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने दिये हैं। उपायुक्त विज्ञापन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा ऋतु को देखते हुए, समस्त भवन व भूमि स्वामी, विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सी जिन के भवन पर लोहे के स्ट्रेक्रर के माध्य से होर्डिंग, भूमि पर यूनिपोल लगा कर विज्ञान किया जा रहा है। उक्त स्थानों पर वर्षा ऋतु में तेज आंधी, बारिश के कारण कोई दुर्घटना न हो इसलिये वे स्ट्रेक्ररों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर नगर निगम की विज्ञापन शाखा को सूचित कराना सुनिशिचत करें। यदि आपदा में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती है तो निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापनकर्ता ऐजेन्सी की जबाबदेही होगी।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन की ड्यूटी से मुक्ति के लिये आवेदन करने वाले शासकीय सेवकों का मेडीकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 76 कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिनमें 44 कर्मचारियों को मेडीकल बोर्ड द्वारा अनफिट पाए जाने पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 32 शासकीय कर्मचारियों को मेडीकल के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त न करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सिविल सर्जन एवं चेयरमेन मेडीकल बोर्ड डॉ. आर के शर्मा के साथ ही अस्थि रोग चिकित्सक डॉ. समीर गोखले, नेत्र चिकित्सक डॉ. सुनील सिंघल व मेडीसिन चिकित्सक डॉ. नरेश लक्षवानी शामिल हुए। मेडीकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत अनफिट पाए गए कर्मचारियों के साथ ही जो पूरी तरह से स्वस्थ हैं और चुनाव ड्यूटी कर सकते हैं उनकी अपनी सम्पूर्ण रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप दी है।

### चार रंग के होंगे मतपत्र

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतपत्रों के चार रंग निर्धारित किए गए हैं। पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। पंचायत निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी के जरिए होगा।




# गरीब एवं जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा में मिलेगी मददः नागपाल




ग्वालियर। स्वर्गीय PDG एम. एल. छाबड़ा जी की स्मृति मे लिए गए रीडिंग एक्शन कार्यक्रम के संकल्प को कल लायंस क्लब ग्वालियर नोर्थ द्वारा प्रांत के सहयोग से सम्पन्न किया गया। मैथिली शरण गुप्त पुस्तकालय में 5 कम्प्यूटर स्थापित किए गए जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा प्रांत करने में मदद मिलेगी। यह डिजिटल स्थापना PMJF लायन चरनजीत नागपाल जी के 2 लाख की आर्थिक सहायता वाचनालय को देने से सम्भव हुई। पूरी लागत लगभग 3 लाख रहेगी। उद्घाटन के मुख्य अतिथि PMJF चरनजीत नागपाल रहे। स्थापना में सहयोग देने के लिए संयोजक PMJF रमेश सेठ, RC जगदीश शरण दमेले, पूर्व ऋष्ट एस. के. गुप्ता का विशेष योगदान रहं ZC प्रमोद पहरिया ने एक प्रिंटर देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव राका पाठक, प्रांतीय कोषाध्यक्ष PMJF जगदीश अग्रवाल, LCIF चीफ एस. के. जैन साहेब एवं क्लब की टीम विशेष उपस्थित थी। संचालन लायन नलिनी सारस्वत ने किया। ख्छ्स्र लायन सुनील गोयल प्रांतपाल रामप्रकाश सोनी - अध्यक्ष, प्रदीप पहारिया - महामंत्री, श्री गहोई वेशय समाज ग्वालियर व समाज के गणमान्य श्री सुरेश दादा (कसतवार) , द्वारिका कुचिया (ही मेन्स) , दिनेश गेड़ा, ओमप्रकाश कंथरिय, राजेश नीखरा, संजीव नीखरा, गहोई समाज महिला मंडल की अध्यक्ष रानी सेठ, मातृशक्ति व समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे ।

## मुनिश्री विनय सागर महाराज मामा का बाजार जैन मंदिर पहुंचे

**धर्म का मार्ग और पुण्य की साधना नहीं छो?नी चाहिएः मुनिश्री**

**मुनिश्री शहर के अलग अलग जैन मंदिरों के दर्शन कर चातुर्मास के लिए मंदिर समिति को जुड़ रहे है।**



ग्वालियर। धर्म के मार्ग और पुण्य संचय का साधन कभी नहीं छो?ना चाहिए। मनुष्य के जीवन की नैया पार इन्हीं दोनों मार्गों के माध्यम से होनी चाहिए। धर्म का मार्ग और पुण्य संचय का साधन दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। क्योंकि जो व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलेगा वहीं पुण्यकर्म करेगा। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने बुधबार को मामा का बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि धर्म का मार्ग जीवन में शांति देता है। इंसान को धर्म के साथ शांति का जीवन मिल जाए तो इससे ब?ी कोई पूंजी नहीं हो सकती है। हम अपने जीवन में धर्म और पुण्य दोनों का समावेश आसानी से कर सकते हैं, लेकिन इंसान इनका समावेश नहीं कर रहा है। जिसके कारण मनुष्य भटक रहा है और भटकते भटकते वह मनुष्य का जीवन पूरा कर लेगा। इसके बाद उसे पता नहीं अगले जन्म में कौनसा भव (योनि) मिले। विचारों से ही संस्कारों की उत्पत्ति होती है। यही विचार हमारे जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। इसलिए मनुष्य को अपनी लगन भगवान के प्रति लगानी चाहिए। जिससे वह इसी जन्म में भव को पार कर सके। इस मौके पर विपिन जैन, अखिल जैन, अजय जैन, संजीव जैन, संभव जैन, आदि मौजूद थे।




## संक्षिप्त समाचार

### नाटक ''पुत्र यज्ञ'' के कलाकारों का सम्मान समारोह आज

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर एवं बीआईएमआर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में नाटक ''पुत्र यज्ञ'' के अभिनय करने वाले सभी कलाकारों का सम्मान समारोह 16 जून 2022, गुरुवार को सायं 5 बजे होटल सेन्ट्रल पार्क में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीआईएमआर के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी श्री गोविन्द देवड़ा होंगे, जबकि अध्यक्षता कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन करेंगे। भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा की अध्यक्ष डॉ. निधि गर्ग, कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया कि हाल ही में नाटक का मंचन आईआईटीटीएम में किया गया था। सभी कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कैट के जिला संयोजक दीपक पमनानी, महामंत्री मुकेश जैन ने सभी कैट सदस्यों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करें।

### 'हैप्पी बर्थडे पापाज्सॉरी', लिख एयरफोर्स ऑफिसर ने दी जानःग्वालियर में हॉस्टल में यूनिफॉर्म में ही लगाई फांसी, कान में लगे थे ईयरफोन

ग्वालियर । ग्वालियर में एयरफोर्स के फ्लाइंग ऑफिसर ने फांसी लगा ली। घटना के समय वह एयरफोर्स की यूनिफॉर्म में थे। कान में ईयरफोन लगा था। मौके पर डायरी मिली है। इसमें हैप्पी बर्थडे पापा ज सॉरी लिखा है। मृतक ऑफिसर गुजरात के भावनगर का रहने वाला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गुरुवार को परिजन गुजरात से ग्वालियर पहुंचेंगे, तब शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। गुजरात के भावनगर के रहने वाले जयदत्त सिंह (25) एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर थे। इंजीनियरिंग की प?ाई पूरी करने के बाद एयरफोर्स में सिलेक्ट हुआ था। अभी प्रोविजनल पीरियड में थे। दो साल की ट्रेनिंग के लिए गुजरात से ग्वालियर आया थे। यहां एयरफोर्स के ऑफिसर मैस स्थित हॉस्टल में रहता थे। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह 7 बजे उनकी ड्यूटी थी। समय पर नहीं पहुंचने पर साथी अफसर उनके कमरे पर पहुंचे। खटखटाने पर दरवाजा नहीं खोला, तो साथियों ने खि?की से देखा। अंदर जयदत्त फंदे पर लटका दिखा। साथी अफसरों ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसपी राजेश डंडोतिया समेत एफएसएल अधिकारी पहुंचे। जांच में पता चला कि घटना के वक्त जयदत्त एयरफोर्स की वर्दी पहने था। साथ ही, कान में ब्लूटूथ वाले ईयरफोन लगाए हुए था। पुलिस का कहना है कि संभवत~ वह किसी से बात कर रहा था। पुलिस ने जांच के लिए मोबाइल भी जब्त किया है।

**नहीं हुई थी शादी, कान में लगे मिले ईयर फोन**

जयदत्त की शादी नहीं हुई थी। जानकारी के मुताबिक एयरफोर्स ऑफिसर बनने के लिए उसने क?ी मेहनत की थी। ये साफ नहीं हो सका है कि घटना के समय वह किससे बात कर रहे था।

**हैप्पी बर्थडे पापाः सॉरी**

पुलिस को स्पॉट पर डायरी से सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है कि हैप्पी बर्थ डे पापाज सॉरी। इसका मतलब पुलिस नहीं समझ पा रही है। पुलिस पता लगा रही है कि आज उसके पिता का जन्मदिन है या आने वाला है। परिवार वालों के ग्वालियर आने के बाद आगे की स्थिति साफ हो सकेगी। एएसपी शहर राजेश दंडौतिया के मुताबिक जो भी तथ्य जांच में सामने आएंगे, उस आधार कार्रवाई की जाएगी।

### नानी की मौत से बालक था दुखी, पुलिस जांच में जुटी

ग्वालियर। ग्वालियर में नानी की मौत से दुखी एक नाबालिक बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता उस वक्त चला जब नाबालिक को ढूंढते हुए परिजन घर के अंदर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था जिसकी सूचना तत्काल बच्चे के परिजनों ने पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची जहां पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पीएम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्वालियर के जनकगंज थाना पुलिस के मुताबिक संजय नगर संजय नगर में रहने वाला 17 वर्षीय नाबालिक देवेश पाराशर उर्फ चीकू ने मंगलवार को फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि नानी की मौत के बाद देवेश काफी परेशान रहने लगा था। वह बचपन से ही नानी के यहां ही पला बढ़ा था। मृतक देवेश का अपनी नानी से काफी लगाव था। नानी की मौत के बाद अपनी नानी की याद में बीमार भी रहने लगा था। मृतक के परिजनों का कहना है कि नानी की मौत के बाद मृतक बच्चा किसी से बातचीत नहीं करता था और हर वक्त अकेला ही एकांत में बैठा रहता था फिलहाल पुलिस ने मृतक युवक के शव को पीएम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जनक गंज थाना प्रभारी आलोक परिहार का कहना है कि एक 17 साल के नाबालिक बच्चे ने घर के कमरे में फांसी के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचाया था पता चला है कि नानी के मरने के बाद नाबालिग बच्चा गुमसुम रहता था और काफी दिनों से बीमार भी चल रहा था नाबालिक बच्चे के शव का पीएम कराकर उसके परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए सौंप दीया है। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया

ग्वालियर । त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन की ड्यूटी से मुक्ति के लिये आवेदन करने वाले शासकीय सेवकों का मेडीकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 76 कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिनमें 44 कर्मचारियों को मेडीकल बोर्ड द्वारा अनफिट पाए जाने पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 32 शासकीय कर्मचारियों को मेडीकल के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त न करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सिविल सर्जन एवं चेयरमेन मेडीकल बोर्ड डॉ. आर के शर्मा के साथ ही अस्थि रोग चिकित्सक डॉ. समीर गोखले, नेत्र चिकित्सक डॉ. सुनील सिंघल व मेडीसिन चिकित्सक डॉ. नरेश लक्षवानी शामिल हुए। मेडीकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत अनफिट पाए गए कर्मचारियों के साथ ही जो पूरी तरह से स्वस्थ हैं और चुनाव ड्यूटी कर सकते हैं उनकी अपनी सम्पूर्ण रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप दी है।

### छत जर्जर है यहां से बारिश होने पर पानी टपकेगा

ग्वालियर। भितरवार में स्थानीय प्रशासन इन दिनों होने बाले त्रि स्तरीय पंचायत और निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव में मतदान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्थाएं पैदा न हो इसके लिए अधिकारी मतदान केंद्रों को व्यवस्थित करने में लगे हैं। जिसका क्रम जारी रखते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार रावत ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिनस्त अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। स्थानीय निकाय चुनाव के 6 जुलाई को होने बाले मतदान की व्यवस्था बनाने के लिए बुधबार को एसडीएम अश्वनी कुमार रावत सिंचाई विभाग चीनोर के एसडीओ बी पी शर्मा,नगर परिषद के मुख्य लेखा अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव,सव इंजीनियर रवि बुनकर के साथ नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित मतदान केंद्रों पर पहुँचे। जहां उन्होंने मतदान कराने बाले दलों के रुकने और उनके खाने पीने की व्यवस्था,मतदान कक्ष में मतदाताओं के आवागमन की व्यवस्था करने के लिए अधिनस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478